राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 73
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 11 फरवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा प्राधिकरण से सीबीआई ने मांगे बिल्डर्स के दस्तावेज
पेज 4 झांसी में तमंचा खरीदकर बॉयफ्रेंड से पति का मर्डर कराया
पेज 6 डी कॉक ने धोनी के एक विश्व रिकार्ड की बराबरी की

# लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश

**ओम बिरला का लोकसभा में ना जाने का फैसला; 9 मार्च को प्रस्ताव पर चर्चा होगी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ओम बिरला अब लोकसभा नहीं जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव के गिरने के बाद ही वह स्पीकर की चेयर संभालेंगे।

एजेंसी के मुताबिक विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है।


13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद 8 मार्च से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होगी।

इससे पहले बजट सत्र के 10वें दिन संसद दो बार स्थगित हुई। दोपहर 2 बजे से संसद की कार्यवाही शुरू हो सकी। शशि थरूर ने बजट पर चर्चा की शुरुआत की।



## पेंगुइन बोली- कोई भी हिस्सा पब्लिक नहीं किया

राहुल का यह बयान पब्लिशिंग कंपनी पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के उस क्लैरिफिकेशन के बाद आया, जिसमें कहा गया कि नरवणे की किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है। पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। पेंगुइन कंपनी ने कहा- अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है। हमारी तरफ से किताब का कोई भी हिस्सा कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। कंपनी की सफाई इसलिए आई, क्योंकि बुक की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सर्कुलेशन का दावा है।




इस मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। दरअसल, राहुल गांधी पूर्व आर्मी चीफ की किताब लेकर लोकसभा पहुंचे थे। पूरा विपक्ष इस बात पर अड़ा है कि उन्हें सदन में बोलने दिया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### नौ करोड़ के चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव तिहाड़ में

नई दिल्ली। अपने होम प्रोडक्शन की फिल्म फ्लॉप होने के बाद आर्थिक तंगी के चलते नौ करोड़ के चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल में बंद बॉलीवुड अभिनेता और मशहूर कॉमेडियन राजपाल यादव की मदद को अभिनेता सोनू सूद, जैम म्यूजिक के प्रोड्यूसर इंद्रजीत सिंह, राजनीतिज्ञ तेज प्रताप यादव समेत कई हस्तियों ने हाथ बढ़ाए हैं। अभिनेता सोनू सूद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह राजपाल यादव को अपनी अगली फिल्म के लिए साइन कर रहे हैं और साइनिंग राशि को मदद के तौर पर दे रहे हैं। सूद ने फिल्म निर्माता, निर्देशक, सहयोगियों तथा अन्य लोगों से भी अभिनेता की मदद के लिए आगे आने का अनुरोध किया।


### ट्रेड डील नहीं यह ट्रैप डील, देश के साथ धोखा : खरगे

**नई दिल्ली।** भारत संग हुए ट्रेड समझौते को लेकर व्हाइट हाउस के जारी ताजा फैक्ट शीट के बाद मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने अब सरकार पर हमले तेज करते हुए देश के हितों को बलिदान करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि रूस से तेल नहीं खरीदने के अमेरिकी दबाव में झुक जाना और कृषि और डेयरी क्षेत्र को भी दबाव में खोला गया है। यह ट्रेड डील नहीं ट्रैप डील है। मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को एक्स पोस्ट में सरकार पर निशाना साधते हुए कहा ट्रैप डील का सच अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है।



### हैप्पी मॉर्निंग

सास (दामाद से)- शाम को जल्दी घर आ जाना
आपके साले को देखने लड़की वाले आ रहे हैं
दामाद- अरे सासू मां, मेरी खुद की पसंद इतनी खराब थी
दूसरे का फैसला
मैं क्या खाक
करूंगा.....



### शायरी

सफ़र का एक नया सिलसिला
बनाना है
अब आसमान तलक रास्ता बनाना
है

### अर्थसार



सेंसेक्स:
84,273.92
+208.17 (0.25%)
निफ्टी:
25,935.15
+67.85

### मौसम



अधिकतम : 26 डिग्री से0
न्यूनतम : 12 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 7 : 03
सूर्यास्त बुधवार : 6 : 08

# मथुरा में परिवार के 5 लोगों की लाश मिली

**पति-पत्नी, 3 बच्चे; किचन की दीवार समेत 3 जगह सुसाइड नोट मिले**

**मथुरा।** मथुरा में एक ही कमरे से एक परिवार के 5 लोगों की लाशें मिलीं। मृतकों में पति, पत्नी और 3 बच्चे शामिल हैं। कमरे में बेड पर मां, एक बेटी-बेटा मिले। दूसरी बेटी चारपाई पर पड़ी थी, जबकि पति का शव फर्श पर मिला।

पुलिस के अनुसार, पति ने पहले पत्नी की हत्या की, फिर बच्चों की जान ली। बाद में खुद करंट लगाकर आत्महत्या कर ली।

एसएसपी कुमार ने बताया कि घटना का पता उस समय चला, जब सुबह बच्चे दिखाई नहीं दिए। इस पर पड़ोस में रहने वाले मनीष के भाई जयकिशन मौके पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद होने की वजह से जयकिशन मेन गेट फांदकर अंदर गए। फिर कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर सभी मृत पड़े मिले। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।



पुलिस को 3 पन्नों का सुसाइड नोट और एक वीडियो मिला है। पहला नोट- रसोई की दीवार पर लिखा था। इसमें कहा गया- मैं मनीष और सीमा अपनी मर्जी से मरे हैं। पुलिस किसी को परेशान न करे।

दूसरा नोट कागज पर मिला, उसमें भी यही बातें लिखी हैं। वहीं, सुसाइड से पहले का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें मनीष ने दुखों से परेशान होकर जान देने की बात कही है।



पुलिस तंत्र-मंत्र के एंगल पर भी जांच कर रही है। उस मंदिर के पुजारी को हिरासत में लिया गया है, जहां मनीष अक्सर पूजा करने जाते थे। मनीष खेती करते थे। हाल ही में उन्होंने 19 लाख रुपए का प्लॉट बेचा था। इसमें से 12 लाख रुपए खाते में आ चुके थे। घटना महावन थाना क्षेत्र के खप्परपुर गांव की है।

## दिल्ली में मैनहोल में गिरकर मजदूर की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में मंगलवार को खुले मैनहोल में गिरने से बिरजू कुमार राय (32) की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बिरजू मजदूरी करता था। उसकी लाश रोहिणी सेक्टर-32 में डीडीए की खुली जमीन में बने खुले मैनहोल से मिली। पुलिस ने बताया कि बिरजू के दोस्त अमीर हुसैन ने मंगलवार दोपहर 2.36 बजे घटना की जानकारी दी थी। बिरजू सोमवार शाम से लापता था। बिरजू के साथी बुधन दास ने बताया कि वह और बिरजू सोमवार रात शराब पीकर लौट रहे थे। इसी दौरान करीब सोमवार शाम 7.30 बजे बिरजू मैनहोल में गिरा था। पुलिस के मुताबिक घटना के दौरान बुधन ज्यादा नशे में था। उसने इसकी जानकारी किसी को नहीं दी। अगले दिन होश आने पर उसने अमीर को घटना के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई थी। 5 फरवरी की देर रात भी जनकपुर इलाके में कमल ध्यानी (25) की 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से मौत हुई थी। परिवार मृतक को रात भर ढूंढता रहा था। 6 फरवरी की सुबह गड्ढे में कमल का शव मिला था।

### दस्तावेज़ जालसाजी



स्वतंत्र सांसद पप्पू यादव मंगलवार को पटना में सिविल कोर्ट में पेश होने के लिए जेल से बाहर आए। यादव को कथित दस्तावेज़ जालसाजी से जुड़े 31 साल पुराने 1995 के एक मामले में फरवरी 2026 में गिरफ्तार किया गया था।

# सीबीएसई 12वीं की एक करोड़ कॉपियां डिजिटल जांचेगा

**32 करोड़ पन्ने स्कैन होंगे, इसके बाद रिजल्ट; 12वीं बोर्ड एग्जाम 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक**

नई दिल्ली। सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक होगी। इस बार 12वीं के 17 लाख से अधिक परीक्षार्थियों की कॉपियां ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से जांची जाएंगी। मतलब ये कि इन्हें डिजिटल तरीके से जांचा जाएगा।

इसके लिए हर छात्र की सभी उत्तरपुस्तिकाओं के हर पन्ने को परीक्षा केंद्र में ही स्कैन करके कंप्यूटर सिस्टम में अपलोड किया जाएगा। करीब 1 करोड़ कॉपियों के लगभग 32 करोड़ पन्ने स्कैन करके अपलोड होंगे। परीक्षक इन डिजिटल कॉपियों की जांच करके ही नंबर देंगे।

10वीं बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों की चे ?किंग पहले की तरह कागज पर ही होगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के मुताबिक इस नई व्यवस्था से उत्तर पुस्तिकाओं के ट्रांसपोर्ट में लगने वाला समय और खर्च बचेगा।

शिक्षक अपने स्कूल में रहते हुए ही मूल्यांकन कर सकेंगे, बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। मूल्यांकन को अधिक पारदर्शी, तेज और त्रुटिरहित बनाने के मकसद से बोर्ड ने यह प्रणाली लागू करने का फैसला लिया है।

# असम में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश, 2.43 लाख नाम हटे

**राज्य में अब 2.49 करोड़ वोटर; बंगाल में फाइनल लिस्ट की तारीख 14 दिन बढ़ी**

**गुवाहटी।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को असम में हुए स्पेशल रिवीजन 2026 के तहत फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी। ईसी के मुताबिक, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट की तुलना में 2.43 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए हैं। अब राज्य में कुल 2,49,58,139 वोटर्स रजिस्टर्ड हैं।

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 2,52,01,624 थी। स्पेशल रिवीजन प्रक्रिया के बाद लिस्ट में 2,43,485 नाम हटाए गए हैं। अब फाइनल लिस्ट में 1,24,82,213 पुरुष, 1,24,75,583 महिलाएं और 343 थर्ड-जेंडर शामिल हैं।

स्पेशल रिवीजन की इंटीग्रेटेड ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 27 दिसंबर 2025 को पब्लिश हुई थी। इस पर 27 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां करने का समय था। 22 नवंबर से 20 दिसंबर 2025 तक पूरे राज्य में घर-घर वेरिफिकेशन अभियान चलाया गया था। असम की 126 विधानसभा सीटों पर अगले तीन महीनों में चुनाव होने हैं।



### 11 राज्यों की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 3.67 करोड़ नाम कटे

इससे पहले 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया के बाद वहां ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल जारी किए गए हैं। इन राज्यों-यूटी से अब तक करीब 3.67 करोड़ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कट चुके हैं। अब तक जिन राज्यों-यूटी की लिस्ट आई है, वे पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, केरल, पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप हैं।

### ड्राफ्ट रोल में 10.56 लोगों के नाम कटे थे

इससे पहले 27 दिसंबर 2025 को वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट रोल जारी किया गया था।

इसमें 10,56,291 लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए थे। इनमें 93,021 हजार से ज्यादा ध-वोटर यानी डाउटफुल वोटर शामिल नहीं किए गए थे। वोटर लिस्ट में से मौत, नई जगह शिफ्ट होने या डुप्लीकेट एंट्री होने की वजह से 10.56 लाख लोगों के नाम हटाए गए थे।

डी-वोटर वे लोग होते हैं, जिनकी नागरिकता पर सरकार को शक होता है। ऐसे लोगों को वोट देने की परमिशन नहीं होती।

इन्हें फॉरेनर्स एक्ट, 1946 के तहत खास ट्रिब्यूनल तय किया जाता है और इन्हें वोटर कार्ड भी नहीं दिया जाता। इन डी-वोटर्स की जानकारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में अलग से जोड़ी गई है।

## चुनाव में होने वाले अत्यधिक खर्च पर रोक लगाने के सुझावों पर विचार करें निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग को चुनाव में होने वाले अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) में सुझावों को शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने जनहित याचिका को एक अभ्यावेदन के रूप में मानने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्य बागची और जस्टिस एनवी अंजारी की पीठ ने टिप्पणी की कि कोर्ट चुनाव में होने वाले अत्यधिक खर्च पर तीसरे पक्ष की रिपोर्टों पर भरोसा नहीं कर सकता, क्योंकि क्योंकि चुनाव आयोग ने भी इन रिपोर्टों का खंडन किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता प्रभाकर देशपांडे एक आइआइटी स्नातक हैं, उनके द्वारा दिए गए सुझाव विचारणीय हैं।

# एसबीआई समेत देश के बड़े बैंक रहेंगे बंद, 12 फरवरी को हड़ताल का एलान

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मंगलवार को कहा कि 12 फरवरी, 2026 को पूरे देश में बैंक हड़ताल होगी। साथ ही ग्राहकों को आगाह किया है कि इससे बैंकिंग सर्विस कुछ हद तक प्रभावित हो सकती हैं।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर बैंक ने कहा, हड़ताल के दौरान काम पर कुछ हद तक असर पड़ सकता है।

न्यूज ऐजेंसी के मुताबिक, IDBI बैंक को भी बैंक यूनियनों से हड़ताल का फॉर्मल नोटिस मिला है।

यह हड़ताल देश भर के बड़े बैंक यूनियनों ने बुलाई है, जिससे ग्राहकों में उस दिन बैंकिंग सर्विस की अवेलेबिलिटी को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि, न तो बैंकों ने और न ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 12 फरवरी को बैंक हॉलिडे घोषित किया है, जिससे पता चलता है कि ब्रांच खुली रहने की उम्मीद है।

### 12 फरवरी को बैंक क्यों हड़ताल पर रहेंगे?

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन और बैंक एम्प्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया समेत बड़े बैंक यूनियनों ने अपने मेंबर्स से हड़ताल में हिस्सा लेने की अपील की है।

इसके अलावा, यूनियन 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के बड़े विरोध में शामिल हो रही हैं।

इस हड़ताल का मकसद सरकार द्वारा नवंबर में नोटिफाई किए गए चार नए लेबर कोड का विरोध करना है, जो 29 मौजूदा लेबर कानूनों को बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

# अमृतसर में आईएसआई की आतंकी साजिश नाकाम, 1 गिरफ्तार

**पाइप में छिपाया आरडीएक्स-आईईडी सहित भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद**

**अमृतसर।** पंजाब में आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सेल , अमृतसर ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। खुफिया जानकारी के आधार पर की गई विशेष कार्रवाई में SSOC ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकी साजिश का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरडीएक्स आधारित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसबरामद की है और अमृतसर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार यह विस्फोटक डिवाइस किसी बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने के इरादे से तैयार की गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे एक हैंडलर के संपर्क में था, जो सीधे तौर पर पाकिस्तान स्थित आतंकी आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहा था। सुरक्षा एजेंसियों को गुमराह करने के लिए आईईडी को पीवीसी पाइप के अंदर छिपाया गया था, ताकि यह सामान्य वस्तु जैसा दिखाई दे और जांच से बचा रहे।



**जिले में कर्फ्यू** — उपद्रवियों ने 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर फूंके, जिले में कर्फ्यू लागू

# मणिपुर के उखरुल में पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में नई सरकार बनने के एक हफ्ते के भीतर ही हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने उखरुल जिले के लितान सरेइखोंग गांव में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर में आग लगा दी।

हिंसा के बाद पूरे जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। 10 फरवरी की सुबह 11: 30 बजे से अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में सिक्योरिटी फोर्स मौजूद हैं।



हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई थी, जिसमें तांगखुल नागा समुदाय के स्टर्लिंग नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट हुई थी।

### लितान में आगजनी के बाद कर्फ्यू

उखरुल जिले के लितान इलाके के आसपास गांवों में उपद्रवियों ने कई घरों में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि हिंसा के दौरान राइफल से गोलियां भी चलाई गईं। इलाके में दहशत फैलने के बाद कर्फ्यू लागू किया गया। स्थिति फिलहाल तनावपूर्ण है, लेकिन भारी सुरक्षा तैनाती के चलते काफी हद तक कंट्रोल में है। तनाव बढ़ने की आशंका के बीच लोगों ने बिना किसी प्रशासनिक मदद के अपने स्तर पर ही घर छोड़ना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि लितान थाना पुलिस ने लोगों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की और कानून-व्यवस्था बनाए रखी है। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में बीएसएफ, सीआरपीएफ और असम राइफल्स के जवानों को तैनात किया गया है, जबकि अतिरिक्त सुरक्षा बल भी भेजे गए हैं। इंफाल से करीब 35 किलोमीटर दूर स्थित लितान एक छोटा व्यावसायिक कस्बा है, जहां तांगखुल नागा और कुकी दोनों समुदाय रहते हैं। यह आसपास के गांवों के लिए व्यापारिक केंद्र के रूप में काम करता है।

# संपादकीय

## 140 करोड़ की भीड़ या स्वतंत्र राष्ट्र ?

### भारत कब तक अमेरिका की फ्रेंचाइज़ी बना रहेगा



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

जो डलहौज़ी न कर पाया, वो ये हुक्काम कर देंगे
कमीशन दो तो हिंदुस्तान को नीलाम कर देंगे

सुरा व सुंदरी के शौक़ में डूबे हुए रहबर
दिल्ली को रंगीलेशाह का हम्माम कर देंगे

ये वंदेमातरम् का गीत गाते हैं सुबह उठकर
मगर बाज़ार में चीज़ों का दुगना दाम कर देंगे

आज यह सवाल किसी एक दल, किसी एक नेता या किसी एक विचारधारा का नहीं है।
यह सवाल भारत की आत्मा, उसकी संप्रभुता और 140 करोड़ नागरिकों की वास्तविक हैसियत का है।
क्या आपको सच में नहीं दिख रहा कि भारत धीरे-धीरे एक स्वतंत्र राष्ट्र से ज़्यादा एक 'मैनेज्ड मार्केट' में तब्दील होता जा रहा है?
एक ऐसा देश,
जहाँ नीतियाँ संसद से कम
और विदेशों के पावर सेंटर से ज़्यादा तय होती दिखाई दे रही हैं।
क्या भारत अब अपने फैसले खुद नहीं लेता?
आज हालात यह हैं कि सैन्य अभियानों के नैरेटिव से लेकर व्यापारिक सौदों की शर्तों तक, हर बड़े फैसले पर किसी न किसी विदेशी दबाव की परछाईं साफ़ दिखती है।
जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुलेआम यह तय करते नज़र आएँ कि भारत किससे व्यापार करेगा
और किससे नहीं—
तो सवाल उठना सिर्फ़ स्वाभाविक नहीं, ज़रूरी हो जाता है।

क्या भारत अब अपनी विदेश नीति और व्यापार नीति
खुद तय करने की स्थिति में भी नहीं रहा?

### कौन तय करेगा भारत की ज़रूरतें?

**ज़रा ठहर कर सोचिए—**

- भारत तेल किससे खरीदेगा?
- सोयाबीन कहाँ से आएगी?
- कपास किस देश से मंगाई जाएगी?
- टैरिफ़ कितना होगा?
- व्यापार घाटा कैसे 'मैनेज' किया जाएगा?

क्या यह सब अब भी भारत सरकार की रणनीतिक सोच का विषय है,
या फिर ये फैसले वॉशिंगटन की प्राथमिकताओं के हिसाब से लिए जा रहे हैं?
अगर 140 करोड़ आबादी वाला देश
अपनी बुनियादी आर्थिक और रणनीतिक ज़रूरतों पर
स्वतंत्र निर्णय नहीं ले पा रहा,
तो फिर 'विश्वगुरु' का नारा आखिर किस काम का?

### धर्म की बहस, ताकि गुलामी न दिखे

आज आपको रोज़ इस बहस में उलझाया जा रहा है कि
फ़ैसले हिंदू ले रहा है या मुसलमान।

लेकिन यह सवाल ही ग़लत है।

असली सवाल यह है कि—
क्या फ़ैसले भारत ले रहा है या कोई और?

### इतिहास गवाह है—

जब-जब जनता को धर्म, जाति और पहचान की लड़ाइयों में उलझाया गया,
तब-तब असली सत्ता
चुपचाप बाहर से संचालित होती रही।

ईस्ट इंडिया कंपनी भी ऐसे ही आई थी।
तब भी लोग आपस में बहस कर रहे थे—
और शासन धीरे-धीरे हाथ से निकल गया।

### 140 करोड़ का भ्रम

आज हमें संख्या पर गर्व करना सिखाया जा रहा है—
'हम 140 करोड़ हैं।'
लेकिन ज़रा ईमानदारी से खुद से पूछिए—
क्या आप 140 करोड़ नागरिक हैं?
या 140 करोड़ उपभोक्ता,
जिनके लिए सिर्फ़ बाज़ार, डेटा और सस्ते श्रम की क़ीमत है?
अगर आपकी सरकारें भी
वैश्विक ताक़तों के सामने
सौदेबाज़ी की मुद्रा में खड़ी नज़र आती हैं,
तो आपकी औकात
एक वोट,
एक ट्रेंड
और कुछ तालियों तक सीमित कर दी गई है।
अब भी नहीं समझे तो
अगर आप यह समझ गए कि
लड़ाई हिंदू-मुसलमान की नहीं,
बल्कि आत्मनिर्भर निर्णय, राष्ट्रीय स्वाभिमान
और संप्रभुता की है—
तो सच मानिए, आप वाक़ई जीनियस नागरिक हैं
और इस देश के लिए अभी भी उम्मीद ज़िंदा है।

लेकिन अगर अब भी आपको यही लग रहा है कि—
सब ठीक है, सब मज़बूत है,
और सवाल उठाना देशद्रोह है—
तो फिर यह मान लेना चाहिए कि
आपने सिर्फ़ सवाल पूछने की आदत ही नहीं,
सोचने की क्षमता भी गंवा दी है।

अब आगे लिखने की ज़रूरत नहीं।
अब बारी आपकी है।

कमेंट में लिखिए—
और खुद तय कीजिए कि आप
जीनियस नागरिक हैं
या फिर किसी और की
फ्रेंचाइज़ी में खड़े ग्राहक।

# लोकसभा-अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास : लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा

**ललित गर्ग**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी लोकतंत्र के लिये एक चिन्ताजनक घटना है। क्योंकि लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, असहमति के सम्मान और संस्थागत विश्वास पर टिकी हुई एक जीवंत परंपरा है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में संसद इस लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहाँ न केवल नीतियाँ बनती हैं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा बोलती है। ऐसे में जब लोकसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की खबरें सामने आती हैं, तो यह घटना किसी एक व्यक्ति या दल तक सीमित न रहकर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर देती है। विपक्षी दलों द्वारा यह आरोप लगाया जाना कि उन्हें, विशेषकर नेता प्रतिपक्ष को, सदन में बोलने का समुचित अवसर नहीं मिल रहा, और इसी आधार पर अध्यक्ष की निष्पक्षता पर सवाल उठाना, एक गहरी चिंता का विषय है। यह चिंता इसलिए भी अधिक गंभीर हो जाती है क्योंकि अध्यक्ष का पद परंपरागत रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन का प्रतीक माना जाता रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादा और सभी पक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की संवैधानिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। यदि विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करने लगे कि अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण है या उनकी आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया जा रहा है, तो यह केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि संस्थागत अविश्वास का संकेत होता है। 100 से अधिक सांसदों द्वारा हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी यह दर्शाती है कि मामला क्षणिक आक्रोश का नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही असहमति और संवादहीनता का परिणाम है। लोकसभा अध्यक्ष सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनके प्रति विश्वास जरूरी होता है और उनसे भी निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि संख्या बल के आधार पर इस तरह का प्रस्ताव पारित होना कठिन है, लेकिन लोकतंत्र में कई बार प्रतीकात्मक कदम भी गहरे संदेश देते हैं।

विपक्षी दलों द्वारा यह स्पष्ट करना कि वे टकराव के साथ-साथ सुलह का विकल्प भी खुला रखे हुए हैं, और इसी क्रम में विभिन्न वरिष्ठ नेताओं का अध्यक्ष से मुलाकात कर संवाद का प्रयास करना, इस बात का संकेत है कि अभी भी समाधान की गुंजाइश समाप्त नहीं हुई है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर संसद जैसे सर्वोच्च मंच पर संवाद की जगह हंगामा, नारेबाजी और गतिरोध क्यों हावी होता जा रहा है। क्या यह केवल सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास का परिणाम है, या फिर संसदीय परंपराओं के क्षरण का संकेत? विगत वर्षों में बार-बार यह देखने को मिला है कि महत्वपूर्ण विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बजाय सदन की कार्यवाही बाधित होती रही है। इससे न केवल विधायी कामकाज प्रभावित होता है, बल्कि जनता के बीच यह संदेश भी जाता है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं हैं।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि वह असहमति को स्थान देता है। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह ठहराना और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी है। इसके लिए सदन में बोलने का अवसर, प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता और आलोचना का सम्मान अनिवार्य है। यदि विपक्ष यह महसूस करता है कि उसके लिए ये रास्ते संकुचित किए जा रहे हैं, तो उसका आक्रोश सड़कों या नारेबाजी के रूप में फूट पड़ता है, जो अंततः संसद की गरिमा को ही नुकसान पहुँचाता है। दूसरी ओर, विपक्ष द्वारा बार-बार सदन की कार्यवाही बाधित करना भी उतना ही गंभीर दोष है, क्योंकि इससे शासन की प्रक्रिया ठप होती है और जनता के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। इस दोतरफा अविश्वास और आक्रामकता के बीच लोकतंत्र का मूल उद्देश्य कहीं खोता हुआ दिखता है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में यदि संसद बार-बार हंगामे, निलंबन और गतिरोध की खबरों में रहे, तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की लोकतांत्रिक छवि को प्रभावित करता है। विकास, नीति और जनकल्याण की चर्चा के स्थान पर यदि टकराव और अविश्वास केंद्र में आ जाए, तो यह भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती केवल मजबूत सरकार से नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष और निष्पक्ष संस्थानों से भी आती है। लोकसभा अध्यक्ष जैसे पद से अपेक्षा की जाती है कि वह न केवल नियमों का पालन कराए, बल्कि विश्वास का सेतु भी बने। वहीं विपक्ष से भी यह अपेक्षा है कि वह विरोध को रचनात्मक बनाए, न कि अवरोध का माध्यम।


आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद को फिर से संवाद का मंच बनाया जाए, जहाँ तीखी असहमति भी मर्यादा में व्यक्त हो और सत्ता व विपक्ष दोनों ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएँ। अविश्वास प्रस्ताव जैसे कदम यदि चेतावनी के रूप में लिए जा रहे हैं, तो उन्हें आत्ममंथन का अवसर भी बनना चाहिए। प्रश्न यह नहीं है कि कौन सही है और कौन गलत, बल्कि यह है कि लोकतंत्र की संस्था को कैसे स्वस्थ, विश्वसनीय और प्रभावी बनाया जाए। जनता ने सांसदों को नारे लगाने या कार्यवाही बाधित करने के लिए नहीं, बल्कि देश के भविष्य पर गंभीर विमर्श के लिए चुना है। यदि संसद इस अपेक्षा पर खरी नहीं उतरती, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है।

यह भी तथ्य है कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में श्री ओम बिरला का संसदीय संचालन अब तक सामान्यतः अनुशासित, कार्यकुशल और नियमसम्मत माना जाता रहा है। उनके कार्यकाल में लोकसभा की कार्यवाही को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने, विधायी कार्यों को प्राथमिकता देने और विभिन्न दलों को साथ लेकर चलने का प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अनेक अवसरों पर उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है तथा संसदीय परंपराओं और नियमों के पालन पर बल दिया है। उनकी छवि एक ऐसे अध्यक्ष की रही है जो सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए होशियारी, धैर्य और व्यावहारिक समझ का प्रयोग करते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संसदीय मर्यादाओं का आग्रह और संवाद के लिए दरवाज़े खुले रखने की प्रवृत्ति को देखते हुए उनके जैसे लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की स्थिति अपने आप में एक त्रासद और चिंताजनक घटना प्रतीत होती है। यह घटना व्यक्ति विशेष से अधिक उस माहौल की ओर संकेत करती है, जहाँ अविश्वास इतना गहरा हो चुका है कि संवाद और विश्वास के पुल कमजोर पड़ते जा रहे हैं।

अंततः यह समय आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर जिम्मेदारी स्वीकार करने का है। सत्तापक्ष को यह समझना होगा कि मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी ताकत है। विपक्ष को यह स्वीकार करना होगा कि विरोध की भी एक मर्यादा और रचनात्मकता होती है। और अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पदों को यह स्मरण रखना होगा कि उनकी निष्पक्षता केवल नियमों के पालन से नहीं, बल्कि व्यवहार और अवसर की समानता से भी सिद्ध होती है। यदि संसद को संवाद का मंच बनाए रखने में हम विफल रहते हैं, तो यह केवल एक सत्र या एक सरकार की विफलता नहीं होगी, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति हमारी सामूहिक असफलता मानी जाएगी। यही वह बिंदु है जहाँ हर नागरिक, हर जनप्रतिनिधि और हर संस्था को आत्मचिंतन करना होगा, ताकि विकास की राह में विनाश की संभावनाएँ नहीं, बल्कि संवाद, विश्वास और लोकतांत्रिक परिपक्वता का मार्ग प्रशस्त हो सके।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3797




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3796 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक प्रेमी ने सोचा कि प्रेमिका से विवाह का प्रस्ताव नए अंदाज में किया जाए।

एक दिन प्रेमिका से मुलाकात होने पर उसने कहा- प्रिये! मैं स्वयं को तुम्हें भेंट करना चाहता हूँ।

प्रेमिका ने बुरा सा मुँह बनाकर कहा- मुझे घटिया तोहफे लेने की आदत नहीं हैं।

□ □ □

वकील ने खूबसूरत युवती से पूछा- परसों रात तुम कहाँ थी?

युवती- अपने पड़ोसी के साथ रेस्त्राँ गई थी।

वकील ने दूसरा सवाल पूछा- और कल रात?

युवती- मेरे एक दूसरे पड़ोसी के साथ।

वकील ने धीरे से पूछा- और आज का तुम्हारा क्या कार्यक्रम है?

दूसरा वकील चिल्लाया- ऑब्जेक्शन मी लॉर्ड! यह सवाल मैंने पहले ही कर लिया है।

□ □ □

पति, पत्नी से- कल रात मैंने एक बहुत बुरा सपना देखा। मैंने देखा कि मैं सुंदर लड़कियों के झुंड में मौजूद हूँ।

पत्नी- तो यह सपना बुरा कैसे हुआ?

पति बोला- क्योंकि सपने में मैं खुद भी तो एक लड़की ही था।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3797



**बायें से दायें:-**

१. शाहरूख, जूही की 'चाँद तारे तोड़ लाऊँ' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'इस दीवाने लड़के' गीत वाली नसीर, आमिर, सोनाली की फिल्म-५
६. गोविंदा, नीलम की 'मैं तो हूँ सबका मेरा ना कोई' गीत वाली फिल्म-२
७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. 'वाटर' के निर्देशिका कौन हैं-२
१०. अमिताभ, फरदीन खान, करीना कपूर की फिल्म-२
११. श्रेयस तलपदे, आयशा की 'ये हौसला कैसे झुके' गीत वाली फिल्म-२
१३. अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की 'जिस दिल में बसा था प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मुझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो मारिया, बिपाशा की फिल्म-२
१७. अमिताभ, अजय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा नीली' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में काजोल के किरदार का नाम था-३
२०. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
२१. 'दुनिया ने सुन ली है चुपके से' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, नीतूसिंह की 'कोई रोको ना दीवाने को' गीत वाली फिल्म-४
२५. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२६. राजेश खन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना गुमान' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
३०. 'ऐ लो प्यार के दिन' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना की फिल्म-२
३१. संजय, कुमार गौरव, पूनम 'अमीरों की शाम गरीबों' गीतवाली फिल्म-२
३२. 'फिर से आये बदरा' गीत वाली संजीव, शर्मिला, वहीदा की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-३
२. 'मैं शायर तो नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'तू मेरे पास भी' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-२
४. अमिताभ बच्चन, संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
५. अरविंद स्वामी, मधु की फिल्म-२
६. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेंद्र कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, बबीता की 'दांतों तले दबा कर होंठ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'अंबर हमारा रास्ता' गीत वाली अरूण, रघुवरन, बेबी शामली, श्रुति की फिल्म-३
१५. कमल हासन, शाहरूख, रानी की 'चाहे पंडित हो' गीत वाली फिल्म-१,२
१६. 'मेरे संग संग आया' गीत वाली धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, विनोद, हेमा की फिल्म-४
१७. शॉवरअली, ब्रजेश हीरजी, जूही, शिल्पा की 'मेरा मन भँवरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. प्रेमनाथ, बीना राय की फिल्म-३
२०. राजेश, फिरोजखान, शार्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
२५. 'सावन का महीना पवन करे' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मुझ से दोस्ती करोगे' में करीना कपूर के किरदार का नाम क्या था-२
२९. 'तेरी याद बिछा के सोता हूँ' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3796



## सूडोकु -3797

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3796 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली -3797



**बाएँ से दाएँ**

1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्रता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

शब्द पहेली -3796 का हल



# नोएडा प्राधिकरण से सीबीआई ने मांगे बिल्डर्स के दस्तावेज

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कर रही जांच, होमबायर्स के साथ धोखाधड़ी से जुड़ा मामला

नोएडा। नोएडा में संवेशन स्कीम बिल्डर व उनकी कंसोर्टियम कंपनियों की मुसीबत बढ़ने जा रही है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने प्राधिकरण में फिर दस्तक दे दी है। संवेशन स्कीम के तहत बिल्डरों की लिस्ट और उनके प्रोजेक्ट के साथ ब्रोशर की जानकारी मांगी है। बतौर एक चार्ट के रुप में इसकी डिमांड की गई। जिसे प्राधिकरण अब देने जा रहा है।

दिल्ली-एनसीआर में हजारों होमबायर्स के साथ धोखाधड़ी करने वाले बिल्डर्स के खिलाफ सीबीआई बड़ा एक्शन लेने की तैयारी में है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने हाल ही में 22 पर एफआईआर दर्ज कर 47 ठिकानों पर छापेमारी की थी यह एक्शन सबवेंशन स्कीम घोटाले से जुड़ा है। जिसमें बिल्डर्स और वित्तीय संस्थानों ने मिलकर होमबायर्स को ठगा गया।

इसी फाइनेंशियल संस्थानों और बिल्डर के बीच के कुछ दस्तावेज प्राधिकरण में जमा है जिसे सीबीआई खंगालते खंगालते यहां पहुंची और दस्तावेजों की डिमांड की है। बता दे अप्रैल 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को 7 प्रीलिमिनरी इंक्वायरी शुरू करने को कहा था। सीबीआई ने 3 महीने के भीतर 6 प्रीलिमिनरी इंक्वायरी पूरी की और कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट




सौंपी।

इससे पहले सीबीआई ने बिल्डर से संबंधित दस्तावेज नोएडा, ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण से लिए थे। जिसमें काफी खामियां मिली। इन्ही साक्ष्यों के आधार पर सीबीआई ने तलाशी अभियान चलाया और दस्तावेज के जरिए शिकंजा कसने की तैयारी है।

### बिल्डर 2014 में लाए थे सबवेंशन स्कीम

नोएडा, ग्रेटर नोएडा में सब वेंशन स्कीम के तहत लाई गई ग्रुप हाउसिंग योजनाओं की शुरुआत 2014 के आसपास हुई थी। योजना में धांधली के लिए कुछ बिल्डरों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों से लोन पास कराए।

बैंकों ने बिना मूल्यांकन और निरीक्षण के रकम जारी कर दी। अधिकारियों के अनुसार, बिल्डर और बैंक के बीच अघोषित समझौते के तहत बैंकों ने बिल्डरों को लोन की पूरी राशि दे दी।

शर्तों के तहत फ्लैट का कब्जा मिलने तक बिल्डर को ही ईएमआई का भुगतान करना था, लेकिन कुछ समय बाद बिल्डरों ने ईएमआई देनी बंद कर दी और खरीदारों को फ्लैट भी नहीं दिए। इससे खरीदारों पर ईएमआई का बोझ आ गया और बड़ी संख्या में खरीदार डिफॉल्टर हो गए। कुछ वर्षों बाद इन योजनाओं को लाने वाले अधिकांश बिल्डर दिवालिया हो गए।

### 40 परियोजनाओं के बायर्स हुए डिफाल्टर

नोएडा-ग्रेनो समेत एनसीआर की करीब 40 परियोजनाओं में हजारों फ्लैट खरीदार फंसे हुए हैं। सीबीआई स्पोर्ट्स सिटी मामले की भी जांच कर रही है। इस सिलसिले में तीन-चार बार सीबीआई की टीम प्राधिकरण के दफ्तर आ चुकी है।

# किसान एकता महासंघ ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सौंपा ज्ञापन

## किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की

**जेवर।** मंगलवार को किसान एकता महासंघ ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक बाली सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना के नेतृत्व में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के नाम ओएसडी मुकेश कुमार को दिया गया।

संगठन के जिला अध्यक्ष अरविंद सैकेटरी ने बताया कि किसान लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर प्राधिकरण के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा उनकी अनदेखी की जा रही है। इसी क्रम में महासंघ ने सात सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया।

ज्ञापन में प्रमुख मांग ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित भूमि के बदले किसानों को मिलने वाले छह प्रतिशत आवासीय भूखंडों का अब तक न दिया जाना था। बादलपुर, बिसरख, सुनपुरा, बिरोडा, बैदपुरा, रिठौड़ी और सिरसा सहित दर्जनों गांवों के किसानों को उनका हक नहीं मिला



है।

इसके साथ ही, बिना आबादी सर्वे के ग्रामीण आबादी में लगाए गए भूखंडों को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की गई। महासंघ ने भूमिहीन और खेतीहर मजदूरों को 100 वर्ग मीटर के आवासीय भूखंड देने की भी मांग की।

पुरानी आबादियों का निस्तारण प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत कराने तथा लीज बैक व शिफ्टिंग से जुड़े लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने की मांग भी की गई। इसके अलावा, प्राधिकरण क्षेत्र की कंपनियों में स्थानीय किसानों के बच्चों को योग्यता के आधार पर रोजगार देने और शिक्षण संस्थानों में उनके लिए आरक्षण सुनिश्चित करने की बात कही गई।

गांवों में बारात घर, खेल मैदान, मिनी स्टेडियम और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल थी। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर वार्ता कर मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खुले में शराब पीने वालों पर कार्रवाई

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 383 लोगों को पकड़ा गया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस ने उन्हें भविष्य में खुले में शराब न पीने की चेतावनी भी दी। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य कानून व्यवस्था और सुरक्षा को मजबूत करना था। ग्रेटर नोएडा जोन में चलाए गए इस अभियान का संचालन पुलिस उपायुक्त साद मियां खान ने किया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीकर शांति भंग करने वाले 383 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 292 बीएनएस के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत विभिन्न थानों से गिरफ्तारियां की गईं। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र से 42, थाना बीटा-2 से 28, थाना दादरी से 52, थाना जारचा से 32, थाना कासना से 75, थाना ईकोटेक-प्रथम से 14, थाना दनकौर से 62, थाना जेवर से 62 और थाना रबूपुरा क्षेत्र से 16 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई हुई।

# नोएडा भंगेल एलिवेटेड के नीचे बन रही सड़क

## ब्रिज कारपोरेशन बना रहा रोड, 4.5 किमी पर 35 करोड़ खर्च हो रहे

**नोएडा।** भंगेल एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे बनने वाली 4.5 किमी लंबी सड़क का काम शुरू कर दिया गया है। ये निर्माण ब्रिज कारपोरेशन करवा रही है। निर्माण मार्च अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इससे एलिवेटेड के नीचे लगभग बंद हो चुके बाजार को नया जीवन मिलेगा।

एग्रीमेंट के अनुसार इस सड़क का निर्माण यूपी स्टेट ब्रिज कॉरपोरेशन लिमिटेड को ही करना था। लेकिन बीच में प्राधिकरण इसे बनाने जा रहा था।

हाल ही में प्राधिकरण में स्टेट ब्रिज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई थी। जिसमें भंगेल एलिवेटेड निर्माण के एग्रीमेंट की जानकारी दी गई। इसके बाद ब्रिज कारपोरेशन ने इस रोड का निर्माण खुद करवाने के लिए कहा। रोड का निर्माण करीब 35 करोड़ में किया रहा है। इसे मार्च अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

### सड़क बनने से दो बाजारों बढ़ेगी रौनक

भंगेल एलिवेटेड के नीचे सड़क बनने से भंगेल और सलारपुर के बाजार की रौनक बढ़ जाएगी। ये बाजार नोएडा के प्रमुख बाजारों में शामिल है। लेकिन विगत चार सालों से सड़क टूटी होने और एलिवेटेड निर्माण के चलते कारोबारी पलायन को मजबूर तक हो गए थे।

### लूप के लिए जारी होंगे टेंडर

एलिवेटेड रोड पर चढ़ने और उतरने के लिए सेक्टर-49-107 चौराहे पर दोनों ओर दो-दो लूप बनाया जाना प्रस्तावित है। सेक्टर-37 से आकर सेवन एक्स सेक्टरों की ओर जाने के लिए हनुमान मूर्ति के पास लूप उतरेगा। इसी तरह सेवन एक्स से फेज टू की ओर से सूरजपुर की ओर जाने वालों के लिए लूप चढ़ाया जाएगा।

इसके दूसरी तरफ सेक्टर-107 की ओर चढ़ने-उतरने के लिए लूप बनाए जाएंगे। इन लूप को बनाने के लिए अलग से टेंडर जारी किया जाएगा।

# शमशान में मिला ऑटो ड्राइवर का शव

## गले की नस काटकर आत्महत्या की आशंका, नशे का लती था

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित डेल्टा-2 श्मशान घाट में सोमवार रात एक ऑटो चालक का शव मिला। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल कर रही है।

पुलिस को सोमवार को पीआरवी के माध्यम से डेल्टा-2 श्मशान घाट में एक व्यक्ति के मृत पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान साकीपुर गांव निवासी 30 वर्षीय राहुल के रूप में की। शव के गले पर कटा हुआ निशान पाया गया, और उसके हाथों पर खून लगा था। पुलिस को घटनास्थल के पास से एक चाकू भी बरामद हुआ है।

राहुल साकीपुर गांव का निवासी था और अपनी मां के साथ रहता था। उसके पिता का निधन हो चुका है। परिजनों ने बताया कि राहुल को करीब आठ साल से शराब और गांजे की लत थी, जिसके कारण उसकी पत्नी अलग रह रही थी। उनकी कोई संतान नहीं थी।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि राहुल पिछले कुछ समय से पारिवारिक समस्याओं के कारण तनाव में था और उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं रहती थी। वह गांजे का सेवन भी करता था।

# मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर दो लोगों की मौत, 3 घायल

## पिकअप और ट्रक की टक्कर, फंसे ड्राइवर को बचा रहे थे सभी

**नोएडा।** नोएडा में मेरठ-दिल्ली पिकअप पीछे से ट्रक में टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल है। तीन का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया है। वहां इलाज किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि पिकअप नंबर डीएल 1सी एएच 1790 पीछे से ट्रक नंबर एमपी 07 जीए 9111 से टकरा गई। टक्कर देख पिकअप में फंसे ड्राइवर अमित को तीन ट्रक चालक अपने-अपने ट्रक साइड में रोककर ड्राइवर को निकालने का प्रयास कर रहे थे। इसी



दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार सब्जी के ट्रक संख्या यूपी 37 एटी 6693 ने तीनों ट्रक ड्राइवरों को भी टक्कर मार दी।

पांच व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटनास्थल पर मौजूद ट्रकों को एनएचएआई क्रेन की मदद से सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराया गया है। मौके पर शांति व्यवस्था है, यातायात सुचारू रूप से संचालित कराया जा रहा है।

### दो लोगों की मौत तीन घायल

देवेंद्र पुत्र कमलेश उम्र 34 साल निवासी शाहजहांपुर, गोविंद चौहान पुत्र पोलहन चौहान निवासी आजमगढ़ उम्र करीब 35 साल की मौत हो गई। वहीं वीरेंद्र पुत्र अमर सिंह यादव निवासी शाहजहांपुर उम्र करीब 24 साल और साहिल पुत्र अख्तर अली निवासी बागपत व हरिओम पुत्र नरेंद्र निवासी मंगोलपुरी दिल्ली उम्र करीब 35 साल का इलाज किया जा रहा है।

### सब्जी से लदा था ट्रक

जिस ट्रक ने दो ट्रकों को पीछे से टक्कर मारी उसमें मूली लदी हुई थी। ट्रक संभवता दिल्ली मंडी जा रहा था। जिस दौरान हादसा हुआ वहां मौजूद लोगों ने बताया कि हम लोग पहले ट्रक में फंसे चालक को निकाल रहे थे। अचानक से पीछे से तेज रफ्तार ट्रक आया और टक्कर मार दी। बचाव कर रहे लोग काफी दूर तक जाकर गिरे। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# शिकायतों के निवारण में नोएडा पुलिस पूरे प्रदेश में रही अव्वल

## 26 थानों को मिली पहली रैंकिंग, बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को होती समीक्षा

**नोएडा।** आईजीआरएस पोर्टल पर मिली जनशिकायतों के निवारण में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस बार जिले के 26 थाने की रैंक पहली रही। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से जनवरी माह की मूल्यांकन रिपोर्ट मंगलवार को जारी हुई। आईजीआरएस टीम प्रभारी, सभी थाने के प्रभारी और ऑपरेटर को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुरस्कृत करने की बात कही है।

पुलिस कमिश्नर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए हर महीने के प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है, जिसके कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रर्दशन कर रहा है। आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसको सरकार की तरफ से नागरिकों की शिकायतों और



समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है।

इस प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों को एक आसान और प्रभावी माध्यम प्रदान करना है। इसके माध्यम से वे अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और उनका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का कहना है कि इस प्रणाली के तहत गौतमबुद्धनगर का जनवरी माह में प्रथम रैंक पर आना एक बड़ी उपलब्धि है। यह नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान का प्रमाण है।

### इन थानों की रैंक रही पहली

बीटा टू, इकोटेक थर्ड, सेक्टर-20, सेक्टर-63, जेवर, सूरजपुर, दनकौर, सेक्टर-142, सेक्टर-49, बादलपुर, दादरी, कासना, बिसरख, रबुपुरा, सेक्टर-113, फेज थर्ड, सेक्टर-39, फेज वन, सेक्टर-24, सेक्टर-126, इकोटेक वन, एक्सप्रेसवे, सेक्टर-58, फेज थर्ड और महिला थाना।

## ग्रेटर नोएडा में कुत्तों के हमले से बंदर घायल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र स्थित नवादा गांव में मंगलवार को कुत्तों के हमले से एक बंदर छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया। घायल बंदर को दर्द से कराहते देख ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना समाजसेवियों को दी। जानकारी मिलते ही बिलासपुर स्थित पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष संजय नवादा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बंदर की गंभीर हालत को देखते हुए समाजसेवियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग से संपर्क किया। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के उप प्रबंधक मनोज कुमार के निर्देश पर एक टीम मौके पर भेजी गई। टीम ने घायल बंदर को सावधानीपूर्वक रेस्क्यू किया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार, बंदर के घायल होने का सटीक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि यह किसी दुर्घटना या आपसी संघर्ष का परिणाम हो सकता है। समाजसेवियों की तत्परता और प्रशासन के सहयोग से समय पर उपचार मिलने के कारण बंदर की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# विला के लिए भूखंड देने के नाम पर ठगी

**नोएडा।** फेज-दो के सी ब्लॉक में रहने वाले एक अधिवक्ता ने बिल्डर समेत 11 लोगों के खिलाफ अदालत के आदेश पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित का आरोप है कि करीब छह वर्ष पूर्व आरोपियों ने विला के लिए भूखंड देने के नाम पर धोखाधड़ी की। पीड़ित सत्यनारायण द्विवेदी ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं। मैसर्स जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड ने वर्ष 2002 में ग्रेटर नोएडा में जेपी ग्रींस के नाम से एक परियोजना शुरू की थी। विश्व स्तरीय टाउनशिप विकसित करने का वादा किया था। शिकायतकर्ता ने आरोपी कंपनी की विश्वसनीयता पर विश्वास करके नौ मार्च 2020 को स्पोर्ट्स विला खरीदा।12 मार्च 2020 को आवंटन पत्र मिल गया। इसका भुगतान पीड़ित ने अपने घर से किया। 14 मार्च 2020 को शिकायतकर्ता के हक में सब लीज डीड पंजीकृत कराई गई। इसके बाद पीड़ित को भूखंड का कब्जा सौंपा गया। आरोप है कि सुनील शर्मा और मंजू शर्मा जेपी ग्रींस सोसाइटी के प्रमोटर और रिश्तेदार हैं। जबकि, दलजीत सिंह, संजीव शेखर, मुकेश चौपड़ा, केसी बत्रा, अश्वनी सिंह, शैलेंद्र नेगी, सीबी सिंह और विकास चौधरी कर्मचारी हैं। इसके बाद आरोपी उनके घर पर आए और बिल्डिंग प्लान दिखाते हुए संबंधित भूखंड पर निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए कहा। जैसे ही पीड़ित ने निर्माण प्रक्रिया शुरू की तो पता चला कि जो बिल्डिंग प्लान आरोपियों ने दिखाया था वह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की योजना में स्वीकृत ही नहीं है। इसके चलते पीड़ित को 46.82 लाख रुपये का अतिरिक्त नुकसान हुआ। मजबूरीवश पीड़ित ने दोबारा भवन योजना तैयार कर प्राधिकरण से जनवरी 2024 में स्वीकृत कराया। स्वीकृति प्राप्त करने के बाद जब पीड़ित ने भूखंड पर निर्माण कार्य शुरू कराया तो सुनील शर्मा और मंजू शर्मा ने उस पर अतिक्रमण कर लिया। इस संबंध में जब बिल्डर से शिकायत करने पहुंचे तो हेल्प डेस्क के अधिकारियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

# शार्ट न्यूज

## जेवर के 200 छात्र साइंस म्यूजियम दिल्ली पहुंचे

जेवर। मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार प्रतियोगिता के अंतर्गत जेवर ब्लॉक स्तर पर चयनित 200 छात्रों को एक्सपोजर विजिट के लिए दिल्ली के साइंस म्यूजियम ले जाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) राहुल पंवार ने की, जबकि खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद राशिद ने इसका नेतृत्व किया। बीएसए राहुल पंवार ने चार बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विज्ञान से जुड़ी कई ज्ञानवर्धक जानकारियां प्राप्त कीं। उन्हें परमाणु ऊर्जा एवं पावर प्लांट पर आधारित एक 3डी शो भी दिखाया गया, जिससे उनमें विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ी। विभाग द्वारा बच्चों के लिए भोजन, जलपान, जूट बैग और स्टेशनरी की व्यवस्था की गई थी। साथ ही, सभी विद्यार्थियों को पॉकेट मनी भी प्रदान की गई, जिससे वे काफी प्रसन्न दिखे। इस अवसर पर जिला समन्वयक राकेश कुमार, एआरपी दनकौर रवीन्द्र नागर, मनीषा श्रीवास्तव, अनामिका, आरती कुलश्रेष्ठ, प्रमोद कुमार शर्मा, एआरपी जेवर हरेंद्र शर्मा, अर्चना शिरोमणि, सारिका रति गुप्ता सहित विज्ञान के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## नोएडा में शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में एक शातिर बदमाश को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस पर 23 मुकदमे दर्ज है। इसके पास से 11 मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद की गई। ये पहले भी तीन थानों में दर्ज मुकदमों में जेल जा चुका है। इसका नाम 32 साल का रिषभ दयाल निवासी घडौली दिल्ली है। पुलिस ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने रिषभ को रामलीला ग्राउंड सी बलाक, सेक्टर-62 से गिरफ्तार किया। बदमाशा शातिर किस्म का है। मोटरसाइकिल सवार होकर राह चलते व्यक्तियों से मोबाइल फोन छीन लेते है। पूछताछ करने पर बताया कि बदमाश से बरामद आइफोन-16 को 02 दिन पहले ही सेक्टर-62 नोएडा की टॉट मॉल वाली रोड़ से एक व्यक्ति से छीना था। इसके अलावा अन्य 10 मोबाइल फोन सेक्टर-62, सेक्टर-63, सेक्टर-05, सेक्टर-24 व दिल्ली/एनसीआर के अलग-अलग क्षेत्र से छीने है। जिनके बारे में जानकारी की जा रही है। इससे पहले थाना सेक्टर-58, सेक्टर-24 व सेक्टर-20 नोएडा से मोबाइल फोन स्नैचिंग में जेल जा चुका है। इसके अलावा दिल्ली और आसपास के शहरों से भी मोबाइल छीने थे।

## एक्सप्रेसवे पर चलती कैंटर में आग लगी

### ड्राइवर-हेल्पर ने कूदकर बचाई जान, गाड़ी जलकर खाक

जेवर। ग्रेटर नोएडा के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार दोपहर एक चलती कैंटर गाड़ी में भीषण आग लग गई। इस घटना में गाड़ी के ड्राइवर और हेल्पर ने कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने से कैंटर पूरी तरह जलकर खाक हो गई। यह घटना दनकौर कोतवाली क्षेत्र के पास हुई। जानकारी के अनुसार, कैंटर गाड़ी फरीदाबाद से ग्रेटर नोएडा की ओर आ रही थी। दनकौर निवासी गाड़ी मालिक संजय ने बताया कि उनका ड्राइवर एक कंपनी का सामान खाली करने के बाद हेल्पर के साथ वापस लौट रहा था। जैसे ही कैंटर दनकौर क्षेत्र के पास पहुंची, अचानक इंजन से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और तेजी से फैल गई। ड्राइवर को स्थिति का अंदाजा होने से पहले ही आग काफी बढ़ चुकी थी। हालात की गंभीरता को समझते हुए ड्राइवर और हेल्पर ने तुरंत चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

## कुत्ते काटने के मामले 25 फीसदी बढ़े

नोएडा। कुत्ते काटने के मामलों में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एआरवी का पहला टीका लगने के आधार पर यह रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग ने जारी की है। सभी सरकारी संस्थानों में एंटी रेबीज नोडल अधिकारी बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। वर्ष 2024 में पशुओं द्वारा काटने के 1,45,137 मामले सामने आए। इसमें 1,32,210 मामले कुत्ते के काटने के थे। वहीं वर्ष 2025 में पशुओं के काटने के 1,84,328 मामले सामने आए, जिसमें कुत्तों के काटने के 1,66,564 मामले रहे। वहीं इस साल जनवरी में लगभग 16 हजार लोगों को कुत्ते काट चुके हैं।जिले में कुत्तों के अलावा बंदर और बिल्ली काटने के बाद भी लोग अलग-अलग सरकारी संस्थानों में एंटी रेबीज टीका लगवाने आए। जिले में कुत्ता काटने के मामले में बढ़ोतरी के बाद इलाज के लिए एंटी रेबीज सीरम की सुविधा भी पिछले साल से जिला अस्पताल में उपलब्ध कराई गई। ताकि गंभीर मरीजों का इलाज भी जिला अस्पताल में हो सके। पहले मरीज निजी अस्पतालों या दिल्ली के अस्पतालों में इलाज के लिए जाते थे। वर्तमान में जिले में डॉग बाइट के लिहाज से 30 हॉट स्पॉट निर्धारित किए गए हैं।

## एसटीपी निर्माण के लिए आवेदन मांगे

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो के सेक्टर टेक्जोन आईटी सिटी में सीवरेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) के निर्माण के लिए कंपनी की तलाश खत्म नहीं हो रही है। प्राधिकरण तीन बार निविदा जारी कर चुका। अनुभवी कंपनियों के आगे न आने पर निर्माण कार्य शुरू होने में देरी हो रही है। प्राधिकरण ने एक बार फिर निविदा जारी की है। दरअसल आईटी सिटी में 12 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के निर्माण की तैयारी पिछले एक साल से अधिक समय से चल रही है। इसका फायदा औद्योगिक सेक्टर के साथ आसपास के गांवों मुर्शदपुर, चूहड़पुर खादर, लुक्सर आदि गांवों को भी मिलेगा। क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो की समस्या दूर हो जाएगी।प्राधिकरण तीन बार निविदा जारी कर चुका, लेकिन कंपनियों द्वारा इसमें रुचि नहीं दिखाई जा रही। प्राधिकरण ने फिर से निविदा जारी की है। इस एसटीपी के निर्माण पर करीब 38 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्राधिकरण के अधिकारियों ने दावा किया था कि नए साल में काम शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन अभी कंपनी की तलाश ही पूरी नहीं हुई। निर्माण के लिए चयनित कंपनी 10 साल तक रखरखाव और संचालन का काम करेगी।

## बेटी की शादी से पहले चोरों ने घर खंगाला

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर अल्फा वन में एक मकान की खिड़की तोड़कर चोर तीन लाख नगद व लाखों के गहने चोरी कर ले गए। परिवार के सदस्य मेरठ में बेटी की रिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर अल्फा में पवन जैन परिवार के साथ रहते हैं। पवन जैन मूलरुप से मेरठ ब्रहमपुरी के रहने वाले हैं। वह सात फरवरी को बेटी की रिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए मेरठ गए थे।9 फरवरी को वापस लौटे तो घर की खिड़की टूटी हुई मिली।घर से लाखों की कीमत के सोने व चांदी के आभूषण और तीन लाख की नकदी गायब मिली। बेटी की शादी के लिए पवन जैन ने सोने व चांदी के आभूषण बनवाए थे। शादी के लिए रुपये घर में रखे हुए थे। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

## रवि काना की तलाश में छापेमारी जारी


**नोएडा।** बीते माह बांदा जेल से निकलकर गायब हुए स्क्रैप माफिया रवि काना का अब तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। हालांकि, उसके देश के भीतर ही होने के संकेत मिले हैं। पुलिस की छह टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। बांदा जेल से बाहर निकलने के बाद से रवि काना की ठीक-ठीक लोकेशन पुलिस के हाथ नहीं लग रही थी। सोमवार को नोएडा पुलिस को रवि काना के विषय में महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा। दावा किया जा रहा है कि जेल के बाहर से रवि काना जिस कार में बैठकर निकला, वह एक जगह पर दिख गई है।कुछ अन्य वाहन भी उस दिन जेल के बाहर पहुंचे थे। नोएडा पुलिस सभी वाहनों का पता लगाने में जुट गई है। न्यायालय ने रवि काना के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया हुआ है। रवि काना एक संगठित अपराधी गिरोह का सरगना है, जिसका गैंग नंबर डी-190 है। इस गैंग में कुल 18 सदस्य हैं। रवि काना और उसके गैंग के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर समेत एनसीआर के कई जिलों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अवैध तरीके से स्क्रैप और सरिया के कारोबार से जुड़ा था।

# झांसी में तमंचा खरीदकर बॉयफ्रेंड से पति का मर्डर कराया

## लाश मिली तो दहाड़ मारकर रोई थी, पकड़ी गई तो चेहरे पर शिकन नहीं

**झांसी।** झांसी में रेलवे वेंडर की हत्या उसकी पत्नी ने करवा दी। इसके लिए महिला ने अपने प्रेमी को राजी किया। तमंचा भी खुद लाई। मौका पाकर प्रेमी ने अपने साथियों के साथ मिलकर वेंडर को गोली मार दी। गोली कनपटी के आर-पार हो गई। फिर शव को झाड़ियों में फेंक दिया।

जब लाश मिली तो पत्नी दहाड़ मारकर रो रही थी। उस वक्त लोग उस पर तरस खा रहे थे। मंगलवार को जब पुलिस ने खुलासा किया तो उसके चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। पुलिस ने महिला, उसके प्रेमी और एक अन्य को गिरफ्तार किया है। तीनों को जेल भेज दिया गया।वेंडर के बेटे ने अज्ञात के




खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

पूछताछ में महिला ने बताया- हमारे प्रेम संबंधों की जानकारी पति को हो गई थी। इसलिए उसे रास्ते से हटा दिया।

### स्टेशन के करीब पुलिया के पास डेड बॉडी मिली

दरअसल, एक फरवरी को झांसी रेलवे स्टेशन से पुलिया नंबर 9 जाने वाले रास्ते पर हनुमान मंदिर के पास झाड़ियों में शव पड़ा मिला था। एसपी सिटी प्रीति सिंह, सीओ सीटी लक्ष्मीकांत गौतम, नवाबाद पुलिस मौके पर पहुंची।

लाश के पास रोटी, पूड़ी, सब्जी और आधा पाउच शराब पड़ी थी। जेब से आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड से पहचान जगभान कुशवाहा (44) पुत्र सरमन के रूप में हुई। पुलिस ने तालबेहट पुलिस को आधार कार्ड भेजा। वहां से पुलिस ने तेरई फाटक प्रधान हीरालाल कुशवाहा को जानकारी दी। प्रधान परिवार को लेकर झांसी पहुंचे।

## फाइनेंस कंपनी कर्मचारी चाइनीज मंझे से जख्मी

**प्रयागराज।** चाइनीज मंझे पर प्रतिबंध के शासनादेश के बावजूद इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है, जिससे लगातार हादसे सामने आ रहे हैं। प्रयागराज में मंगलवार को एक और ऐसा ही मामला सामने आया, जब सिविल लाइंस इलाके में निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी महेंद्र सिंह चाइनीज मंझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी आंख के पास गहरी चोट आई है और सात टांके लगाने पड़े। महेंद्र सिंह कीडगंज बीच वाली सड़क के निवासी हैं। वह एक निजी फाइनेंस कंपनी में फील्ड ऑफिसर के पद पर तैनात हैं और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के मंडल प्रभारी भी हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम करीब छह बजे वह बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सिविल लाइंस इलाके में अचानक चाइनीज मंझा उनके चेहरे से टकरा गया।

## लगातार दूसरी बार आईजी आरएस में ललितपुर पुलिस अव्वल

**ललितपुर ।** पुलिस ने जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश स्तर पर लगातार दूसरी बार पहला स्थान प्राप्त किया है। माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक, जनपद ललितपुर मो0 मुश्ताक के निर्देशन में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली से प्राप्त शिकायतों को उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में माह जनवरी-2026 की प्रदेश रैंकिंग में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन में प्रदेश के सभी 75 जिलों में जनपद ललितपुर को लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान तथा थाना रैंकिंग में जनपद ललितपुर के 13 थानों को शत-प्रतिशत कार्यवाही के लिये प्रथम



स्थान प्राप्त हुआ है । जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाईन, ऑनलाईन प्राप्त शिकायतों, समाधान दिवस, उच्चाधिकारीगण आदि पटलों से प्राप्त शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया गया । इस परिणाम के लिए पुलिस अधीक्षक, जनपद ललितपुर ने IGRS से जुड़े सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को पूरी लगन व मेहनत से कार्य हेतु भूरि-भूरि प्रशंसा की है तथा 25 हजार रुपये की धनराशि के पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर जिलाधिकारी ने इण्टरनेट के सुरक्षित उपयोग पर दिया जोर



**ललितपुर।** इण्टरनेट के सुरक्षित उपयोग और साईबर अपराधों के प्रति जागरुकता के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने ''सेफर इण्टरनेट डे'' के अवसर पर जनपदवासियों के लिए एक विशेष संदेश दिया है, उन्होंने कलैक्ट्रेट परिसर में साईबर जागरुकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए जनपदवासियों से अपील की कि आज के समय में जब डिजिटल प्रयोग बढ़ गया है, प्रत्येक व्यक्ति मोबाइल व इण्टरनेट का प्रयोग कर रहा है, लेनदेन के लिए भी लोग यूपीआई क्यूआर कोर्ड का प्रयोग करते हैं, ऐसे में इंटरनेट के उपयोग में हम सभी को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से उपस्थित लोगों को साईबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## कोहरे में सामने आए छुट्टा पशु ने ली 11 वर्षीय बालक की जान

### पीलीभीत पूरनपुर मार्ग पर ट्रक और भारत-नेपाल मैत्री बस की भीषण टक्कर, 23 घायल

**पीलीभीत।** घने कोहरे और सड़क पर छुट्टा पशुओं की लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। थाना गजरौला क्षेत्र के जरा चौकी अंतर्गत सकरिया तिराहे के पास सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पीलीभीत की ओर जा रहा ट्रक, अचानक सामने आए छुट्टा पशु को बचाने के प्रयास में पूरनपुर की ओर से आ रही भारत-नेपाल मैत्री सेवा की बस से टकरा गया।

टक्कर के बाद ट्रक सड़क पर ही पलट गया, जबकि बस सड़क किनारे जाकर उलट गई। हादसा सोमवार रात करीब दो बजे पीलीभीतङ्कपूरनपुर मुख्य मार्ग पर हुआ। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बस में सवार नेपाल निवासी 11 वर्षीय बालक सुभान की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक सहित बस में सवार 23 यात्री घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घना कोहरा होने के कारण दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान सड़क पर अचानक छुट्टा पशु आ गया। ट्रक चालक ने पशु को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सामने से आ रही बस से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर लगते ही बस और ट्रक पलट गए। बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई यात्री बस के अंदर फंस गए। सूचना मिलते ही थाना गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हादसे में घायल नेपाल निवासी सुभान पुत्र सूरज को सीएचसी पूरनपुर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बालक की मौत से बस में सवार यात्रियों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। नेपाल से दिल्ली मजदूरी के लिए जा रहे थे यात्री पुलिस के अनुसार बस में सवार सभी यात्री नेपाल के रहने वाले थे, जो मजदूरी करने के लिए दिल्ली जा रहे थे। हादसे के बाद कुछ देर के लिए पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर यातायात बाधित रहा। बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

प्राथमिक जांच में हादसे का मुख्य कारण घना कोहरा और सड़क पर घूम रहे छुट्टा पशु बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और हाईवे पर छुट्टा पशुओं की समस्या पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## डीएम-एसपी ने किया चौकी अमझराघाटी थाना नाराहट का आकस्मिक निरीक्षण

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्यप्रकाश व पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा चौकी अमझराघाटी, थाना नाराहट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान चौकी परिसर, बैरक व कार्यालय,सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण चौकी परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एवं चोकी परिसर/ कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया ।



चौकी पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को चौकी प्रभारी द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया । चौकी में लम्वित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया गया । लम्बित आईजीआरएस/प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने व शत-प्रतिशत फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया है । चौकी प्रभारी को प्रतिदिन चौकी क्षेत्र में पैदल गस्त करने हेतु निर्देशित किया गया ।

पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध वाहन/व्यक्ति/वस्तु के विरुद्ध चेकिंग चलाने हेतु निर्देशित किया गया तथा लोगो को यातायात नियमों के प्रति जागरूक व उनका पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

## जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कुशल नेतृतव में सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जिले को मिला प्रथम स्थान

### राजस्व और विकास कार्यों में हुआ अभूतपूर्व सुधार, 75 जिलों में पहले पायदान पर पहुंचा ललितपुर

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कुशल नेतृत्व में जिले को एक बड़ी उपलब्धी मिली है, सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जिले को राजस्व और विकास कार्यों में प्रथम स्थान मिला है, जिससे जनपद ललितपुर अब अन्य जिलों की रैंकिंग में सबसे पहले पायदान पर पहुंच गया है। जिलाधिकारी की दूरदर्शी सोच के चलते राजस्व एवं विकास कार्यों में अभूतपूर्व सुधार हुआ है, इसके लिए उन्होंने अपनी प्रशासनिक टीम की प्रसंशा करते हुए इसी लगन से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। जिले के विकास को परखने के लिए सीएम डैशबोर्ड पर प्रतिमाह कई सूचकांकों पर राजस्व व विकास कार्यों का डाटा



अपलोड किया जाता है, जिससे प्रदेश के सभी जनपदों की रैंकिंग निर्धारित की जाती है, इसके लिए प्रतिमाह जिलाधिकारी सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश जारी करते हैं। हालही में हुई बैठक में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कम प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को सुधार का अल्टीमेटम देते हुए प्रगति सुधारने के निर्देश दिये थे, जिसके चलते इस माह जिले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

यह जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धी मानी जा रही है, जहां रैंकिंग में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिला है, इससे न केवल जनपद के विकास को गति मिलेगी, बल्कि जिले में स्थानीय लोगों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश की रैंकिंग में ललितपुर को राजस्व व विकास मामलों में प्रथम स्थान मिला है, वहीं विकास कार्यों में दूसरा व राजस्व कार्यों में 5वां स्थान प्राप्त हुआ है।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अमझरा घाटी मंदिर की देखी व्यवस्थाएं

### अमझरा गौलाशा में गौपूजन कर गौवंश प्रबंधन की समीक्षा की और हरे चारे की बुवाई हेतु स्थल चिन्हित करने के दिये निर्देश

**ललितपुर।** आगामी शिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने अमझरा घाटी मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही अमझरा गौशाला पहुंचकर गौवंश प्रबंधन की समीक्षा की। इसके साथ ही पुलिस चौकी पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम अमझरा घाटी मंदिर पहुंचकर दर्शन किये और आगामी शिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर के द्वार से



लगे हाईवे पर श्रद्धालुओं के आवागमन के दृष्टिगत सड़क सुरक्षा मानकों का पालन कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने मंदिर प्रबंध समिति से वार्ता कर कहा कि श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाये, दर्शन के लिए एक समय पर अधिक भीड़ एकत्र न होने दें, साथ ही महिलाओं और बच्चों की अलग से लाइन लगवाई जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत त्यौहार के दौरान मंदिरों पर महिला पुलिस कर्मियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहें।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने अमझरा गौशाला पहुंचकर गौपूजन किया और गौमाता को माला पहनाकर फल व गुढ़ खिलाया। जिलाधिकारी द्वारा गौशाला में भूसा, चुनी तथा साईलेज का स्टॉक देखा, जिसमे पाया गया कि लगभग 1600 कुंतल भूसा, 198 कुंतल चुनी तथा 84 कुंतल साईलेज उपलब्ध है।

## गोरखपुर में पकड़ा गया फर्जी पुलिस इंस्पेक्टर

**गोरखपुर।** गोरखपुर पुलिस ने एक फर्जी इंस्पेक्टर को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस की वर्दी पहनकर न सिर्फ लोगों पर रौब जमाता था, बल्कि नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी और सड़क पर चेकिंग के बहाने वसूली भी करता था। सिकरीगंज पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी, फर्जी पहचान पत्र, नेम प्लेट, बैज, स्टार, पेनड्राइव, मोबाइल फोन और एक अल्टो कार बरामद किया है। एसपी साउथ दिनेश पुरी ने बताया कि सिकरीगंज थानाध्यक्ष आशीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक वैजनाथ बिंद, उपनिरीक्षक दीपक कुमार, कांस्टेबल राजू यादव और कांस्टेबल संदीप कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि सिकरीगंज कस्बा क्षेत्र में पुलिस की वर्दी पहनकर एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सिकरीगंज-बेलघाट मार्ग पर डड़िहथ मोड़ के पास एक अल्टो कार (संख्या यूपी32 एनजे 0853) को रोका गया। कार सवार व्यक्ति पुलिस निरीक्षक की वर्दी पहने हुए था, लेकिन पूछताछ के दौरान वह अपने पद और तैनाती से संबंधित कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने फर्जी दस्तावेजों के सहारे खुद को पुलिस अधिकारी बताकर ठगी करने की बात स्वीकार कर ली। उसकी पहचान दिग्विजय नाथ निवासी ग्राम लखवापाकड़, थाना बेलघाट, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है।

## आईजीआरएस : झांसी रेंज दस वीं बार रहा अव्वल

### झांसी परिक्षेत्र के जनपद जालौन एवं ललितपुर को भी लगातार दूसरी बार प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

**ललितपुर ।** झांसी माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली में माह नवम्बर 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी आकाश कुलहरि के कुशल निर्देशन में आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह जनवरी 2026 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने



वाली माह- जनवरी 2026 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने लगातार दसवीं (10) बार प्रथम रैंक प्राप्त की है। साथ ही रेंज के जनपद जालौन एवं ललितपुर ने भी लगातार दूसरी बार एवं जनपद झांसी ने भी प्रथम (01) रैंक प्राप्त की है जिसकी आईजी महोदय द्वारा सराहना कर उत्साह वर्धन किया गया । आई.जी. द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस उ. नि. राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मु0आ0 देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को भविष्य मे उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरुष्कार से पुरुष्कृत किया गया है ।

## अवैध कॉलोनी कारोबार पर प्रशासन का प्रहार, माधोटांडा रोड पर ढहाए गए नियमविहीन निर्माण

पीलीभीत। जनपद में लंबे समय से फल-फूल रहे अवैध कॉलोनी कारोबार पर प्रशासन ने निर्णायक वार करते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मंगलवार को विनियमित क्षेत्र प्रशासन की संयुक्त टीम ने सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर के नेतृत्व में माधोटांडा रोड क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया, जिसमें बिना वैधानिक स्वीकृति के विकसित की जा रही कई कॉलोनियों को जमींदोज कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद अवैध प्लॉटिंग से जुड़े लोगों में खलबली मच गई है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, माधोटांडा रोड और आसपास के क्षेत्रों



में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि नियमों को दरकिनार कर जमीनों की अवैध कटिंग की जा रही है। कॉलोनाइजर बिना नक्शा पास कराए, बिना सड़क, जल निकासी और अन्य बुनियादी ढांचे की अनुमति लिए भूखंड बेच रहे थे। जांच में सामने आया कि अधिकांश निर्माण विनियमित क्षेत्र के मानकों का खुला उल्लंघन कर किए गए थे। मंगलवार को कार्रवाई की रणनीति पूरी तरह गोपनीय रखी गई। दोपहर के समय सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर पुलिस बल और प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचे। टीम के पहुंचते ही अवैध कॉलोनियों में बनाई गई बाउंड्री, आंतरिक मार्ग और अन्य संरचनाओं को मशीनों की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई इतनी तेजी से हुई कि मौके पर मौजूद कॉलोनी संचालकों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। सिटी मजिस्ट्रेट ने कार्रवाई के बाद स्पष्ट किया कि बिना अनुमति विकसित की गई किसी भी कॉलोनी को वैध नहीं माना जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता को भ्रमित कर जमीन बेचने वालों के खिलाफ प्रशासन कठोर कदम उठाएगा। अब तक बड़ी संख्या में कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं और नियमों की अनदेखी करने वालों पर इसी तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

प्रशासन की इस सख्ती का असर मौके पर साफ दिखाई दिया। कार्रवाई शुरू होते ही कई कॉलोनी संचालक और उनके प्रतिनिधि क्षेत्र से गायब हो गए। वहीं, जिन लोगों ने इन कॉलोनियों में प्लॉट खरीदे हैं, उनमें भी अपने निवेश को लेकर चिंता देखी जा रही है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि जमीन या प्लॉट खरीदने से पहले संबंधित विभाग से उसकी वैधता की पुष्टि अवश्य करें। प्रशासन का कहना है कि यह अभियान केवल माधोटांडा रोड तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में शहर और उसके आसपास के अन्य इलाकों में भी अवैध कॉलोनियों और नियमविहीन निर्माण पर इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस प्रशासनिक कार्रवाई से यह स्पष्ट संकेत गया है कि अब अवैध निर्माण और कॉलोनी कारोबार को किसी भी सूरत में संरक्षण नहीं मिलेगा।

## शार्ट न्यूज

### अंतरराज्यीय गिरोह के दो चोर गिरफ्तार

**ललितपुर ।** मड़ावरा पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार , चोरी का सामान बरामद । पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, घटना के सफल अनावरण हेतु थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 38/2026 धारा 316(2) बी0एन0एस0 में विवेचनात्मक कार्रवाई के क्रम में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण बटन लाल पुत्र बाबू कुचबंधिया (आदिवासी) उम्र करीब 38 वर्ष निवासी वार्ड नं0 9 कस्बा व थाना पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी म0प्र0 2. भज्जू उर्फ भन्तू पुत्र लक्ष्मन कुचबंधिया (आदिवासी) उम्र करीब 62 वर्ष निवासी वार्ड नं0 9 कस्बा व थाना पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी म0प्र0 को मोती महाराज मन्दिर के पास ग्राम रनगांव थाना मड़ावरा से नियमानुसार गिरफ्तार कर, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

### असलम हत्याकांड में असद पर 25 हजार का इनाम

**मेरठ।** मेरठ के जैदीफार्म निवासी असलम की हत्या के मुख्य आरोपी असद पर एसएसपी अविनाश पांडेय की तरफ से 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इनाम की घोषणा के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में सरगरमी से जुट गई है। इस मामले में कुल 11 आरोपी नामजद हैं, जिनमें से केवल एक ही गिरफ्तार हो पाया है। पांच दिन बाद भी पुलिस मामले में खाली हाथ है, जिसको लेकर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं। वारदात वाले दिन असलम जैदी फार्म की गली नंबर चार के बाहर अपने दोस्त शोएब के साथ खड़ा बात कर रहा था। इसी दौरान हमला हो गया। चार से पांच गोली असलम को लगी और वह जमीन पर गिर गया। शोएब के कंधे में भी एक गोली लग गई। हमलावर भाग निकले। आनन फानन में दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से असलम की नाजुक हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया गया। रात में असलम की मौत हो गई, जिसके बाद तनाव बढ़ता चला गया।

### जज के फर्जी साइन से बनाया जमानत का आदेश

**लखनऊ।** लखनऊ में सेशन कोर्ट में तैनात लिपिक राजेश सिन्हा की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने इंदिरानगर के प्रकाश लोक कॉलोनी निवासी अनुज राय के खिलाफ फर्जीवाड़े का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि अनुज ने जज के फर्जी हस्ताक्षर कर अग्रिम जमानत का आदेश पत्र तैयार किया और उसे व्हाट्सएप के जरिए भेजा। लिपिक के अनुसार, इंदिरानगर के जरहरा निवासी रणधीर सिंह के खिलाफ वर्ष 2016 में अनुज राय ने मारपीट की एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी मामले में रणधीर सिंह ने 17 फरवरी 2025 को सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट ने 5 जनवरी को रणधीर को अग्रिम जमानत दे दी थी। इसके बाद 17 जनवरी को रणधीर सिंह ने कोर्ट में एक और प्रार्थना पत्र दिया। इसमें बताया गया कि उनके भाई राघवेंद्र के व्हाट्सएप पर अनुज राय के मोबाइल नंबर से एक डॉक्यूमेंट भेजा गया था। यह डॉक्यूमेंट रणधीर की अग्रिम जमानत से संबंधित था, जिसमें आदेश जारी होने की तारीख 13 जनवरी 2026 अंकित थी।

### क्लब मैनेजर की थार गाड़ी में की तोड़ फोड़

**लखनऊ।** लखनऊ में चिनहट थाना क्षेत्र के लौलाई स्थित चन्द्रिका विहार कॉलोनी में सोमवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने एक बार क्लब मैनेजर की थार गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और जमकर तोड़फोड़ की। अचानक हुई इस घटना से कॉलोनी के लोग सहम गए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए, लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो चुके थे। पीड़ित की पहचान राजेन्द्र मौर्य के रूप में हुई है। राजेन्द्र गोमतीनगर स्थित समिट बिल्डिंग में एक बार क्लब में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े बारह बजे उनकी ड्यूटी खत्म हुई थी। रोज की तरह वह घर लौटे और थार गाड़ी घर के बाहर खड़ी कर कपड़े बदलने के बाद सोने चले गए। कुछ ही देर बाद तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे उनकी नींद खुल गई। जब वह बाहर निकले तो देखा कि उनकी थार गाड़ी के शीशे टूटे हुए थे और गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त थी। मौके पर कई खोखे भी पड़े हुए थे, जिससे साफ था कि बदमाशों ने फायरिंग की है।

### थार से स्टंट, विधायक का फर्जी पास लगाया

लखनऊ। लखनऊ के गोमतीनगर इलाके में मंगलवार देर शाम तेज रफ्तार और खतरनाक स्टंट कर रही एक थार को पुलिस ने समय रहते रोक लिया। सहायक यातायात निरीक्षक (टीआई) राहुल वर्मा की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। जांच में सामने आया कि थार पर चारों तरफ काली फिल्म लगी थी, पीछे नंबर प्लेट गायब थी और सबसे चौंकाने वाली बात यह कि वाहन पर विधान परिषद का जाली पास लगा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, थार चालक सड़क पर लापरवाही से गाड़ी दौड़ाते हुए अचानक ब्रेक, तेज मोड़ और स्टंट कर रहा था। इससे सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों की जान खतरे में पड़ गई। इसी दौरान चेकिंग पर मौजूद सहायक टीआई राहुल वर्मा की नजर वाहन पर पड़ी। उन्होंने तुरंत टीम के साथ थार को रोका। जांच के दौरान जब चालक से ड्राइविंग लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। वाहन की तलाशी लेने पर पता चला कि चारों शीशों पर काली फिल्म लगी हुई है, जो नियमों के खिलाफ है। इसके अलावा वाहन के पीछे नंबर प्लेट भी नहीं थी, जिससे पहचान छिपाने की कोशिश की जा रही थी।

### पूर्व सांसद की फॉर्च्यूनर ट्रैक्टर से टकराई

**हापुड़।** हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर मंगलवार को एक सड़क हादसा हुआ। जिसमें बसपा के पूर्व राज्यसभा सांसद मुनक़द अली की फॉर्च्यूनर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहत की बात यह रही कि हादसे में पूर्व सांसद समेत वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, पूर्व सांसद मुनक़द अली बुलंदशहर से मेरठ की ओर जा रहे थे। उनकी फॉर्च्यूनर कार चालक अब्दुल्ला चला रहा था। जैसे ही वाहन हाफिजपुर थाना क्षेत्र में मिनीलैंड स्कूल कट के पास पहुंचा, तभी आगे चल रहे एक ट्रैक्टर से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि फॉर्च्यूनर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, वाहन में सवार किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई। पूर्व सांसद मुनक़द अली भी पूरी तरह सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही हाफिजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है और स्थिति सामान्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड : अनुतिन की पार्टी सबसे आगे लेकिन बहुमत से दूर

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के आम चुनाव में प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीराकुल की अगुवाई वाली भुमजैथाई पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन अपने दम पर सरकार बनाना उसके लिए मुश्किल दिख रहा है। शुरुआती नतीजों के मुताबिक, करीब 90 फीसदी मतगणना पूरी होने तक पार्टी को 500 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 195 सीटें मिली हैं।

### ओलंपिक विरोध के दौरान हिंसा मेलनी बोलीं–ये इटली के दुश्मन

**मिलान, एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलनी ने मिलान विंटर ओलंपिक के विरोध में हुई हिंसा की कड़ी निंदा की है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को इटली का दुश्मन करार दिया। शनिवार रात मिलान में लगभग 10,000 लोग आवास और पर्यावरण के मुद्दों पर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान कुछ उपद्रवियों ने पुलिस पर हमला किया स को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा।

### वेनेजुएला : राजनीतिक बंदियों की रिहाई के लिए जेल पर प्रदर्शन

**काराकस, एजेंसी।** वेनेजुएला की राजधानी काराकस में शनिवार को दर्जनों लोगों ने कुख्यात हेलिकॉइड जेल के बाहर प्रदर्शन कर अपने प्रियजनों की रिहाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों में विपक्षी नेताओं और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के परिजन शामिल थे। हालांकि, सरकार ने पिछले महीने कैदियों को मुक्त करने का वादा किया था, लेकिन परिवारों ने रिहाई की धीमी गति को लेकर जेल के बाहर प्रदर्शन किया। कार्यकारी राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने इस जेल को बंद कर सांस्कृतिक केंद्र में बदलने का भी वादा किया है।

### कैलिफोर्निया : लोगों पर चढ़ाई कार, बच्चों समेत चार घायल

**सैक्रामेंटो, एजेंसी।** कैलिफोर्निया के पहाड़ी शहर ट्रकी में शनिवार दोपहर एक 49 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी कार एक किराना भंडार के बाहर खड़े लोगों पर चढ़ा दी। इस घटना में बच्चों सहित चार लोग घायल हो गए, हालांकि उनकी चोटें जानलेवा नहीं हैं। पुलिस का मानना है कि आरोपी ने जानबूझकर पैदल यात्रियों और स्टोर को निशाना बनाया। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है, जो सैन जोकिन वैली का निवासी बताया जा रहा है।

### सैनिकों को कांगो से वापस बुलाएगा दक्षिण अफ्रीका

**किंशासा, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन से अपने सैनिकों को वापस बुलाने का फैसला किया है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के कार्यालय ने बताया कि संसाधनों के पुनर्गठन की आवश्यकता के चलते यह कदम उठाया गया है। दक्षिण अफ्रीका पिछले 27 वर्षों से कांगो में शांति प्रयासों का समर्थन कर रहा है और वर्तमान में उसके 700 से अधिक सैनिक कांगो में तैनात हैं।

### बांग्लादेश ने हादी हत्याकांड की जांच में यूएन से मांगी मदद

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय से मदद मांगी है। इंकलाब मोर्चा के प्रवक्ता हादी (32) को चुनाव प्रचार के दौरान गोली मार दी गई थी। सिंगापुर में इलाज के दौरान हादी की 18 दिसंबर को मौत हो गई थी।

### रूस : चाकू हमले में घायल भारतीयों से मिले दूतावास अधिकारी

**मास्को, एजेंसी।** रूस के एक विश्वविद्यालय में हुए हमले में घायल हुए चार भारतीय मेडिकल छात्रों की हालत स्थिर है। वे तेजी से ठीक हो रहे हैं। कजान के भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने रविवार को चारों छात्रों से अस्पताल में मुलाकात की व उनका हालचाल जाना।

# पुतिन से नजदीकी बढ़ाना चाहता था यौन अपराधी एपस्टीन

**नए दस्तावेजों से खुलासा, रूस की मदद करने का ऑफर दिया था**



**वॉशिंगटन डीसी/मॉस्को, एजेंसी।** अमेरिका जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) के नए दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीब जाने की कोशिश कर रहा था। एपस्टीन ने कई मौकों पर पुतिन और उनके करीबी अधिकारियों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए। एपस्टीन 2018 में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के जरिए पुतिन तक अपनी बात पहुंचाना चाहता था। उसने इसके लिए नॉर्वे के पूर्व पीएम थॉर्बजॉर्न यागलैंड से संपर्क किया था।

जून 2018 के एक ईमेल में एपस्टीन ने नॉर्वे के पूर्व पीएम थोर्ब्योर्न यागलैंड से कहा था कि वह पुतिन को यह सुझाव दें कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव उससे बातचीत करें। दस्तावेजों के मुताबिक, एपस्टीन खुद को एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के तौर पर पेश कर रहा था, जो अंतरराष्ट्रीय राजनीति और निवेश जैसे मुद्दों पर रूस की मदद कर सकता है।

**रूसी राजदूत से मिलता था अपराधी एपस्टीन :** सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि एपस्टीन न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में रूस के तत्कालीन राजदूत विटाली चुरकिन के साथ नियमित संपर्क में था। विटाली चुरकिन 2006 से 2017 तक संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि रहे। इसी दौरान एपस्टीन की उनसे न्यूयॉर्क में मुलाकातें और बातचीत होती थीं। एपस्टीन ने चुरकिन के बेटे मैक्सिम को न्यूयॉर्क की एक वेल्थ मैनेजमेंट फर्म में नौकरी दिलाने में मदद की पेशकश भी की थी। यह बात एपस्टीन के ईमेल्स में सामने आई है। एपस्टीन ने चुरकिन को लेकर यह भी दावा किया कि वह उसकी बातचीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बेहतर तरीके से समझने लगे थे। हालांकि दस्तावेजों में इस दावे का कोई सबूत नहीं मिला है। फरवरी 2017 में विटाली चुरकिन की न्यूयॉर्क में अचानक मौत हो गई थी। इसके बाद एपस्टीन ने 2018 के एक ईमेल में लिखा कि अब वह रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के जरिए फिर से संपर्क बनाना चाहता है।

**2013 से ही पुतिन से मुलाकात की कोशिश कर रहा था :** दस्तावेज बताते हैं कि मई 2013 में एपस्टीन ने इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक को ईमेल कर कहा था कि यागलैंड पुतिन से मिलने वाले हैं और उन्होंने पूछा है कि क्या एपस्टीन भी पुतिन से मिल सकता है। एपस्टीन ने दावा किया था कि वह रूस को पश्चिमी देशों से निवेश लेने के तरीकों पर सलाह दे सकता है। एक अन्य ईमेल में उसने कहा कि अगर पुतिन मिलना चाहते हैं तो उन्हें दो से तीन घंटे का समय देना होगा। मई 2013 के ही एक ईमेल में एपस्टीन ने बिना सबूत के यह दावा किया कि उसने सेंट पीटर्सबर्ग में एक आर्थिक सम्मेलन के दौरान पुतिन से मिलने का अनुरोध ठुकरा दिया था। हालांकि दस्तावेजों में यह साफ नहीं है कि पुतिन ने वास्तव में ऐसी कोई मुलाकात चाही थी या नहीं।

**पोलैंड में एपस्टीन और रूस के कनेक्शन जांच शुरू :** पोलैंड में जेफ्री एपस्टीन के रूस से कथित संबंधों को लेकर जांच शुरू की गई है। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा है कि एपस्टीन और रूसी खुफिया एजेंसियों के संभावित रिश्तों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कैबिनेट बैठक में टस्क ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में सामने आ रही जानकारियां इस ओर इशारा करती हैं कि यह यौन शोषण कांड किसी संगठित खुफिया ऑपरेशन का हिस्सा हो सकता है। उन्होंने इसे पोलैंड की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया। रूस ने एपस्टीन के रूसी खुफिया एजेंसियों से जुड़े होने के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि एपस्टीन को लेकर चल रही जासूसी थ्योरी को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। जेफ्री एपस्टीन न्यूयॉर्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। 2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली। उसकी पार्टनर घिसलीन मैक्सवेल को 2021 में उसकी मदद करने के आरोपों में दोषी करार दिया गया।

## बांग्लादेश में चुनाव से ठीक पहले जबरदस्त हिंसा, बीएनपी-जमात कार्यकर्ताओं की भिड़त में दर्जनों घायल



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में चुनाव से पहले सड़कों पर भीषण हिंसा की खबरें सामने आई हैं। 12 फरवरी को होने वाले मतदान से मात्र 72 घंटे पहले देश की सड़कें बीएनपी और जमात के कार्यकर्ताओं के बीच जंग का अखाड़ा बन गई हैं। रविवार कल रात बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ताओं के बीच भिड़त में 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं।

इनमें महिलाएं भी शामिल हैं। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक जमात के एक कार्यक्रम में कैश बांटने के आरोपों के बाद दोनों पक्षों में हिंसा हुई है। यह हिंसा तब भड़की जब बीएनपी के कुछ कार्यकर्ताओं ने जमात-ए-इस्लामी पर देर रात एक कार्यक्रम में शामिल लोगों को पैसे बांटने का आरोप लगाया। जानकारी के मुताबिक, क्ख्क्ककार्यकर्ता विरोध दर्ज कराने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जिसके बाद जमात ने भी अपने समर्थकों को इकट्ठा कर लिया, जिसके बाद दोनों गुटों में खूब मारपीट हुई। चुनाव से पहले बढ़ी हिंसा बता दें कि चुनाव की घोषणा के बाद से ही बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हुई है। देशभर में कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन जारी हैं जिनमें कई जगह भारत विरोधी नारेबाजी भी हुई है। पिछले छह हफ्तों में पूरे बांग्लादेश में चुनाव से जुड़ी हिंसा में कई लोग घायल हो चुके हैं।

**हसीना की सरकार के पतन के बाद पहला चुनाव :** बांग्लादेश में जुलाई 2024 में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद यह पहला चुनाव है। 12 फरवरी के आम चुनाव में सीधा मुकाबला बीएनपी और जमात के नेतृत्व वाले गठबंधन के बीच ही है। ऐसे में ये दोनों गुट चुनाव में पूरी जी जान लगा रहे हैं। जहां एक तरफ बीएनपी के तारिक रहमान ने बांग्लादेश फर्स्ट का नारा दिया है, वहीं जमात को अपने पारम्परिक इस्लामी वोटर्स से उम्मीदें हैं।

## 'रिहाई के कुछ घंटे बाद ही सहयोगी का अपहरण हुआ'; वेनेजुएला की विपक्षी नेता मचाडो का गंभीर आरोप



**काराकास , एजेंसी।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने सोमवार को कहा कि जेल से रिहा होने के कुछ घंटों बाद ही उनके सबसे करीबी सहयोगियों में से एक का अपहरण कर लिया गया। सरकार ने रविवार को नजरबंद विपक्ष के कई प्रमुख सदस्यों को जेल से रिहा कर दिया था। वहीं, मचाडो ने सोशल मीडिया पर कहा कि जुआन पाब्लो गुआनिपा को राजधानी काराकास के एक आवासीय इलाके में आधी रात के आसपास अगवा कर लिया गया था।

**मोरक्को में तूफान मार्टा से कम से कम 4 लोगों की मौत : रबात, एजेंसी।** मोरक्को में तूफान मार्टा से कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई है। गौरतलब है कि देश बाढ़ से जूझ रहा है। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को बताया कि उत्तरी मोरक्को में तूफान के कारण आई अचानक बाढ़ में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। देश में कई दिनों से हो रही भारी बारिश और ओवरफ्लो हो चुके बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बड़े पैमाने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। राजधानी रबात से लगभग 270 किलोमीटर उत्तर में स्थित टेटुआन के पास एक गांव में कार के बह जाने से तीन बच्चों (2 से 14 वर्ष की आयु की एक लड़की और दो लड़के) और 30 वर्ष की आयु के एक व्यक्ति की मौत हो गई। गृह मंत्रालय ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से एक बयान में यह जानकारी दी है। एक अन्य व्यक्ति अभी भी लापता है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि वे इस घटना की जांच शुरू करेंगे। मोरक्को के मौसम विज्ञान महानिदेशालय के हुसैन युआबेद ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मार्टा नामक तूफान के कारण अचानक बाढ़ आई, जो सप्ताहांत में मोरक्को में पहुंचा और उत्तरी शहरों में 92 मिमी तक बारिश हुई। तूफान मार्टा पड़ोसी देशों स्पेन और पुर्तगाल तक भी पहुंचा।

## इस्राइल का वेस्ट बैंक पर कड़ा कदम: बसावट और जमीन पर नियंत्रण बढ़ाया



**यरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल अब वेस्ट बैंक में अपने नियंत्रण को और मजबूत करने और फलस्तीन की सीमित सत्ता को और कमजोर करने की दिशा में काम कर रहा है। इसके लिए इस्राइल की सुरक्षा कैबिनेट ने रविवार को कई अहम फैसले लिए हैं। वित्त मंत्री बेजल एल स्मोट्रिच के नेतृत्व में कैबिनेट ने जमीन की बिक्री, रिकॉर्ड सार्वजनिक करने और संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण पर इस्राइली नियंत्रण बढ़ाने का निर्णय लिया। इन फैसलों को लेकर उनका कहना है कि हम फलस्तीनी राज्य की धारणा को दफन करना जारी रखेंगे। माना जा रहा है कि इस्राइल कैबिनेट का यह फैसला फलस्तीनी सत्ता को कमजोर और यहूदी बसावटों के विस्तार को आसान बनाएंगे। हालांकि फलस्तीन और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इसे खतरनाक और अवैध कदम बताया है। इस्राइल विरोधी संगठन पीस नाउ के शोधकर्ता ने इस फैसले को बहुत महत्वपूर्ण बताया, लेकिन कहा कि इसे लागू करने के लिए वेस्ट बैंक में इस्राइल के शीर्ष कमांडर की मंजूरी भी जरूरी है।

**फलस्तीन के राष्ट्रपति ने बताया खतरनाक :** फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने इस निर्णय को खतरनाक और बसावटों को कानूनी रूप देने का खुला प्रयास बताया। उन्होंने अमेरिका और यूएन सुरक्षा परिषद से तुरंत हस्तक्षेप की अपील की। जॉर्डन की विदेश मंत्रालय ने भी इस फैसले की आलोचना की और कहा कि यह अवैध इस्राइली अधिकार थोपने और बसावटों को मजबूत करने का प्रयास है। अब समझिए इस फैसले की अहम बातें वेस्ट बैंक में यहूदी नागरिकों को फलस्तीनी जमीन खरीदने की रोक हटाना। जमीन के रिकॉर्ड सार्वजनिक करना ताकि बसावटें आसानी से बनाई जा सकें। हिब्रोन जैसे संवेदनशील धार्मिक क्षेत्रों में निर्माण की योजना इस्राइली अधिकारियों को सौंपना। पर्यावरण और पुरातात्विक मामलों में इस्राइल को फिलिस्तीनी क्षेत्रों में हस्तक्षेप की अनुमति। एक कमिटी को पुनर्जीवित करना, जो इस्राइल को प्रोएक्टिव तरीके से जमीन खरीदने की अनुमति देगी। बता दें कि वर्तमान में वेस्ट बैंक का 40 प्रतिशत हिस्सा फलस्तीन के नियंत्रण में है, जबकि शेष हिस्सा इस्राइल नियंत्रित है। फलस्तीनियों को निजी तौर पर यहूदी नागरिकों को जमीन बेचने की अनुमति नहीं है। वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में 7 लाख से ज्यादा यहूदी रहते हैं। यह क्षेत्र 1967 में इस्राइल ने कब्जा किया था और फलस्तीन इसे भविष्य के राज्य के लिए मांगते हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय बसावटों को अवैध मानता है और इसे शांति की राह में बाधा समझता है। हालांकि इससे पहले दिसंबर में इस्राइल की कैबिनेट ने वेस्ट बैंक में 19 नई यहूदी बसावटों को मंजूरी दी थी। जनवरी में यरुशलम के पास एक विवादित बसावट परियोजना का निर्माण शुरू करने का रास्ता भी साफ कर दिया गया, जिससे वेस्ट बैंक आधे में कट जाएगा। यह फैसले फिलिस्तीन के लिए बड़े राजनीतिक और भू-राजनीतिक खतरे को जन्म दे रहे हैं और भविष्य के फिलिस्तीनी राज्य की संभावनाओं को और कमजोर कर रहे हैं।

## कनाडा से रिश्ते बेहतर करने की तैयारी, एनएसए अजीत डोभाल ने कनाडा में उच्च स्तरीय बैठकें की



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के शासनकाल में भारत और कनाडा के रिश्ते बेहद खराब हो गए थे। अब मौजूदा पीएम मार्क कार्नी की सरकार में फिर से भारत और कनाडा के रिश्तों को बेहतर करने की कोशिशें की जा रही हैं। इसी के तहत भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कनाडा का दौरा किया और वहां ओटावा में कनाडा के प्रधानमंत्री की उप सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा एवं खुफिया सलाहकार नताली जी. ड्रौइन से मुलाकात की।

**दोनों देशों के संबंधों को बेहतर करने की तैयारी :** दोनों देशों के संबंधों को फिर से मजबूत करने के प्रयासों की दिशा में यह बातचीत अहम मानी जा रही है। डोभाल ने कनाडा के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह बैठक दोनों देशों के बीच नियमित द्विपक्षीय सुरक्षा वार्ता का हिस्सा थी। दोनों पक्षों ने अपने राष्ट्रों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए चल रहीं पहल की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन मामलों पर भविष्य के सहयोग के लिए एक साझा कार्य योजना पर भी सहमति जताई। इस कदम से अधिक व्यावहारिक संयुक्त प्रयासों की राह बनेगी। इस बातचीत में एक अहम निर्णय ये रहा कि दोनों देशों में सुरक्षा और कानून प्रवर्तन संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। इस कदम का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संचार चैनलों को बेहतर बनाना और नशीली दवाओं की अवैध तस्करी, विशेष रूप से फेंटानिल और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध नेटवर्क की गतिविधियों सहित साझा खतरों पर जानकारी का आदान-प्रदान करना है। दोनों अधिकारियों ने साइबर सुरक्षा में सहयोग पर भी सहमति जताई, जिसमें नीतिगत समन्वय और साइबर खतरों पर सूचनाओं का आदान-प्रदान शामिल है। उन्होंने प्रत्येक देश के घरेलू कानूनों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का सम्मान करते हुए, धोखाधड़ी की रोकथाम और आव्रजन प्रवर्तन से संबंधित संयुक्त कार्यों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का फैसला किया। अजीत डोभाल के इस दौरे से दोनों देशों के संबंधों में अतीत में आए तनाव के बावजूद व्यावहारिक सुरक्षा संबंधों को और मजबूत करने में दोनों देशों की आपसी रुचि भी स्पष्ट हुई। दो दिवसीय यात्रा के दौरान, डोभाल ने कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री से भी मुलाकात की। ये मुलाकातें भारत-कनाडा सुरक्षा संबंधों में सकारात्मक गति का संकेत देती हैं, जिनमें मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित अपराध जैसी सीमा पार चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## चीन को महिला मानवाधिकार कार्यकर्ता की गिरफ्तारी मामले में यूएन ने दी चेतावनी



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में एक महिला मानवाधिकार कार्यकर्ता की गिरफ्तारी और कथित उत्पीड़न का मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठ गया है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार विशेषज्ञों ने इस पर कड़ी चिंता जताई है। जो चीन गिरफ्तारी और अपनी तानाशाही के लिए पूरे दुनिया में कुख्यात है। उसी चीन को अब उसकी ही चाल भारी पड़ गई है। दरअसल ये देश मानवाधिकार की धज्जियां उड़ानें में प्रसिद्ध है। और अगर कोई आवाज उठाए तो उसके लिए जेल के दरवाजे होते हैं। कुछ ऐसा ही चीन ने एक महिला मानवाधिकार कार्यकर्ता के साथ किया। लेकिन उकी ये चाल किसी काम नहीं आई। बल्कि जिनपिंग का पासा उलटा पड़ गया। क्योंकि ये मामला अब यून में उठ गया। यूएन ने चीन सरकार को चेतावनी दी है। यूएन ने कहा है कि कार्यकर्ता यांग ली को तुरंत पर्याप्त मेडिकल इलाज और स्वतंत्र आवाजाही की अनुमति दी जानी चाहिए। विशेषज्ञों ने कार्रवाई को अधिकारों के शांतिपूर्ण इस्तेमाल को रोकने की कोशिश बताया है।

यूएन विशेषज्ञों के बयान के अनुसार यांग ली को कई बार बीजिंग जाने से रोका गया, जहां वह मेडिकल अपॉइंटमेंट और याचिका प्रक्रिया के लिए जाना चाहती थीं। हर बार रास्ते में रोककर उन्हें हिरासत में लिया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मनमानी हिरासत का मामला लगता है। उन्होंने कहा कि यांग ली गंभीर किडनी बीमारी के अंतिम चरण से जूझ रही हैं और उन्हें तत्काल विशेष इलाज की जरूरत है। इलाज से वंचित रखने पर आपत्ति यूएन मानवाधिकार विशेषज्ञों ने कहा कि बार-बार इलाज से वंचित रखने, जेल में खराब व्यवहार और लगातार दबाव के कारण उनकी हालत बिगड़ी है। बयान में कहा गया कि पर्याप्त चिकित्सा सुविधा न देना मानवाधिकार का गंभीर उल्लंघन है। विशेषज्ञों ने चीन से कहा है कि यांग ली और उनके परिवार के खिलाफ डराने और दबाव की कार्रवाई तुरंत बंद की जाए और उन्हें अपनी पसंद के अस्पताल में इलाज की अनुमति दी जाए। यांग ली जियांगसू प्रांत के जिंतन क्षेत्र की रहने वाली हैं। वह वर्ष 2009 से जमीन अधिग्रहण और फसल हटाने की सरकारी कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाती रही हैं। अपने परिवार और स्थानीय समुदाय की ओर से उन्होंने कई याचिकाएं दायर कीं। यूएन मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार 2014 से उन्हें कई बार प्रशासनिक हिरासत में लिया गया। अक्टूबर 2024 में यांग ली को झगड़ा भड़काने और परेशानी पैदा करने के आरोप में आपराधिक हिरासत में लिया गया। बाद में आरोप बदलकर राज्य संस्थानों के कामकाज में बाधा कर दिया गया। सितंबर 2025 में उन्हें 15 महीने की सजा सुनाई गई। यूएन विशेषज्ञों ने कहा कि मुकदमे की प्रक्रिया में निष्पक्ष सुनवाई से जुड़ी कई खामियां दिखाई दीं। यूएन एजेंसी के अनुसार जेल में किडनी बीमारी के इलाज से वंचित किए जाने के विरोध में यांग ली ने भूख हड़ताल की। इसके बाद उन्हें जबरन नाक के जरिये भोजन दिया गया।

## जापान चुनाव में पीएम तकाइची की बड़ी जीत:उनकी पार्टी एलडीपी ने 465 में से 316 सीटें जीतीं; मोदी-ट्रम्प ने बधाई दी

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान में रविवार को हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री साने ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। क्ख्स्ट के मुताबिक, एलडीपी के गठबंधन को 465 में से 352 सीटें मिली हैं। एलडीपी अकेले 316 सीटें जीती हैं, जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से काफी ज्यादा हैं। यह पार्टी की अब तक की सबसे बड़ी जीतों में से एक मानी जा रही है। इससे पहले 1986 में पार्टी ने 300 सीटें जीती थीं। चुनाव जीतने के बाद ताकाइची ने कहा कि वह जापान को मजबूत और समृद्ध बनाने पर काम करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ी तो विपक्ष के साथ मिलकर काम करेंगी। इस जीत के बाद ऊपरी सदन में विपक्ष के नियंत्रण के बावजूद पीएम ताकाइची को कानून पास करने की ताकत मिल गई है। तकाइची की जीत पर पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने एम्स पोस्ट में लिखा- मुझे विश्वास है आपके कुशल नेतृत्व में हम भारत-जापान मित्रता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी साने ताकाइची को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि ताकाइची अपने मजबूत और कंजरवेटिव एजेंडे में सफल हों।

**तकाइची ने चीन के खिलाफ रुख मजबूत किया :** तकाइची ने चीन के खिलाफ मजबूत रुख अपनाते हुए सैन्य खर्च बढ़ाया है, आर्थिक पैकेज और टैक्स कटौती की घोषणा की है। उन्होंने खाद्य पदार्थों पर 8% सेल्स टैक्स को दो साल के लिए निलंबित करने का वादा किया है ताकि बढ़ती महंगाई से लोगों को राहत मिले। रणनीतिक सलाहकार कंपनी एफजीएस ग्लोबल के मैनेजिंग डायरेक्टर सेइजी इनाडा के मुताबिक, 'अगर तकाइची बड़ी जीत दर्ज करती हैं, तो उन्हें टैक्स में कटौती जैसे अहम फैसलों को लागू करने की आजादी मिलेगी।' ट्रम्प बोले थे- तकाइची शक्तिशाली और बुद्धिमान नेता डोनाल्ड



ट्रम्प ने 5 फरवरी को एक पोस्ट में साने तकाइची को पूर्ण समर्थन दिया है। उन्होंने तकाइची को मजबूत, शक्तिशाली और बुद्धिमान नेता कहा, जो अपने देश से सच्चा प्यार करती हैं और जापान के लोगों को निराश नहीं करेंगी। ट्रम्प ने बताया कि वह 19 मार्च 2026 को व्हाइट हाउस में तकाइची से मुलाकात करेंगे। यह समर्थन जापान के 8 फरवरी 2026 के चुनाव से ठीक दो दिन पहले आया है। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने जापान के किसी नेता को चुनाव में खुलकर समर्थन दिया है।

**सोशल मीडिया पर साने तकाइची का क्रेज बढ़ा :** सोशल मीडिया पर साने तकाइची को लेकर 'सानाकात्सु' नाम का ट्रेंड भी चर्चा में है। इसमें उनके इस्तेमाल किए गए सामान, जैसे हैंडबैग और संसद में इस्तेमाल किया जाने वाला गुलाबी पेन, युवाओं के बीच लोकप्रिय हो गए हैं। एक हालिया सर्वे में 30 साल से कम उम्र के 90% से ज्यादा मतदाताओं ने तकाइची के पक्ष में रुझान दिखाया, हालांकि यह वर्ग आमतौर पर कम मतदान करता है।

**लोगों ने बर्फबारी की बीच वोट डाले :** रविवार को मतदान के दौरान कई इलाकों में बर्फीले तूफान जैसे हालात रहे। परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, दर्जनों ट्रेन सेवाएं रोकी गईं और 230 घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। कई मतदान केंद्रों को समय से पहले बंद करना पड़ा। इसके बावजूद लोग बर्फ और कड़ाके की ठंड में मतदान के लिए पहुंचे। निजी अखबार निक्केई के अनुसार, मतदान खत्म होने से चार घंटे पहले तक टर्नआउट 21.6% रहा, जो 2024 के चुनाव से 2.65 प्रतिशत अंक कम था। पिछले कुछ चुनावों में लोअर हाउस का टर्नआउट करीब 55% के आसपास रहा है। अगर इस बार मतदान और घटता है, तो संगठित वोटिंग ब्लॉक्स का असर और बढ़ सकता है। वोटिंग 289 सिंगल-सीट सीटों पर सीधे मुकाबले से होगी, जबकि बाकी सीटें प्रपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन से तय होंगी। तकाइची ने संसद भंग कर चुनाव की घोषणा की थी यह चुनाव इसलिए खास है क्योंकि यह न केवल जापान की आंतरिक राजनीति को प्रभावित करेगा, बल्कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा, आर्थिक नीतियां और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी गहरा असर डालेगा। 2024 के चुनाव में एलडीपी को भारी नुकसान हुआ था और पूर्व प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की सरकार अल्पमत में आ गई थी। उसके बाद 2025 में एलडीपी की प्रेसिडेंशियल इलेक्शन में तकाइची ने जीत हासिल की और जापान इनोवेशन पार्टी के साथ गठबंधन बनाकर सरकार बनाया।

# टी20 विश्वकप : डि लीडे के हरफनमौला प्रदर्शन से नीदरलैंड ने नामीबिया को सात विकेट से हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के 10वें मैच में, बास डी लीडे के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड्स ने नामीबिया पर सात विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान से पहले मैच में मिली करीबी हार के बाद, नीदरलैंड्स ने नामीबिया पर शानदार जीत के साथ टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों पर फिर से सवार हो गया। इस जीत के सूत्रधार बास डी लीडे रहे, जो नीदरलैंड्स के लिए बल्ले और गेंद दोनों से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने गेंद से नामीबिया को ध्वस्त कर दिया (3 ओवर में 2/20) और फिर पांच चौकों और चार छक्कों सहित 48 गेंदों पर शानदार नाबाद 72 रनों की पारी खेलकर नीदरलैंड्स को लक्ष्य के करीब पहुंचाया।




पहले फील्डिंग करने का विकल्प चुनते हुए, डच गेंदबाजों ने तुरंत सफलता मिली क्योंकि आर्यन दत्त (3 ओवर में 1/13) ने नामीबिया के सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप को जल्दी आउट कर दिया। पावरप्ले में नामीबिया को लय हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा और 6 ओवर के बाद उसका स्कोर मात्र 40/1 रहा। जान निकोल लॉफ्टी-ईटन (38 गेंदों में 42 रन) और जान फ्राइलिंक (26 गेंदों में 30 रन) ने पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन नीदरलैंड की अनुशासित गेंदबाजी ने रन रेट को नियंत्रण में रखा।

मध्य ओवर बास डी लीड और लोगान वैन बीक (3 ओवर में 2/13) के नाम रहे, जिन्होंने मिलकर चार विकेट लिए। डी लीड ने खतरनाक गेरहार्ड इरास्मस और जेजे स्मिट को आउट किया। नामीबिया अंततः 20 ओवर में 156/8 के प्रतिस्पर्धी लेकिन कम स्कोर पर समाप्त हुआ। मैक्स ओ'डॉउड के बर्नार्ड स्कोल्ट्ज़ के हाथों जल्दी आउट होने के बावजूद, डच टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। माइकल लेविट (15 गेंदों में 28 रन) ने जल्दी बल्लेबाजी करते हुए आउट हो गए, जिससे नीदरलैंड्स का स्कोर छह ओवरों में 50/2 हो गया।

इसके बाद, बास डी लीड का जलवा रहा। कॉलिन एकरमैन (28 गेंदों में 32 रन) के साथ साझेदारी करते हुए, डी लीडे ने संयम से पारी को संभाला और फिर तेजी से रन बनाने लगे। उन्होंने मात्र 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि एकरमैन लॉफ्टी-ईटन के हाथों आउट हो गए, लेकिन परिणाम को लेकर कोई संदेह नहीं था। डी लीडे (48 गेंदों में 72*) और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (9 गेंदों में 18*) ने 12 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया और एक शानदार चौके के साथ मैच समाप्त किया।

## सिफर्ट और एलन की ताबड़तोड़ पारी, न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा




**चेन्नई।** टिम सिफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 गेंद में 175 रन की रिकॉर्ड साझेदारी से न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में मंगलवार को यहां 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यूएई को छह विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी जीत है। टीम ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' सिफर्ट ने 42 गेंद की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाये। एलन ने 50 गेंद की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाये, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए। इस जोड़ी ने पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रूख अपनाते हुए यूएई के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोनों की 175 रन की साझेदारी टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने छह विकेट पर 173 रन बनाए।

## टी20 विश्वकप में परिवार को साथ नहीं रख पायेंगे भारतीय खिलाड़ी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि टी20 विश्वकप के दौरान खिलाड़ी अपने परिवारों को साथ नहीं रख पायेंगे। विश्वकप में भारतीय टीम ग्रुप स्तर के तीन मुकाबले अपनी ही धरती पर खेलेगी। बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब प्रदर्शन के बाद ये नियम बना दिया था कि 45 दिनों से ज्यादा चलने वाली सीरीज या टूर्नामेंट में ही परिवार के सदस्य खिलाड़ियों के साथ 14 दिनों तक रह सकते हैं। वहीं छोटे दौरे के लिए यह सीमा घटाकर केवल सात दिन कर दी गई है। टीम प्रबंधन ने क्रिकेटरों के परिवारों को उनके साथ रहने की इजाजत देने के बारे में बीसीसीआई से अनुमति मांगी थी पर बोर्ड ने जवाब दिया कि खिलाड़ी परिवार के साथ नहीं रह सकेंगे। रहेंगे पर अगर वे चाहें तो परिवार अलग से रह सकता है।

टीम तीन चरण में खेलगी उसे तीन मैच घर पर और एक मैच कोलंबो में खेलना। यह मैच भारत पाकिस्तान के खिलाफ होगा। खिलाड़ियों के साथ पत्नियों और परिवारों को टूर पर जाने से रोकने का फैसला पिछले जनवरी में फिर से लागू किया गया था। इसे कोविड-19 महामारी के दौरान रद्द कर दिया गया था।

टीम के 2024-25 के ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब प्रदर्शन के बाद कहा गया था कि परिवार के साथ रहने से खिलाड़ी का ध्यान बंटता है और वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाता। इसके अलावा, बीसीसीआई ने एक नियम और बनाया है जिसके तहत कहा गया था कि खिलाड़ियों को हर समय टीम के साथ यात्रा करनी होगी।

## पीएम मोदी से मिलने के बाद रवींद्र जडेजा की पहली प्रतिक्रिया आई सामने



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, अपनी पत्नी रीवाबा जडेजा और गुजरात की ट्राइबल डेवलपमेंट, प्राइमरी, सेकेंडरी और एडल्ट एजुकेशन मिनिस्टर के साथ मंगलवार को नई दिल्ली में पार्लियामेंट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। जडेजा ने अपनी मीटिंग की तस्वीरें पोस्ट करते हुए X पर लिखा, 'माननीय पीएम श्री नरेंद्र मोदी सर से मिलना और बातचीत करना बहुत गर्व और सम्मान की बात है। उनके विचारों की स्पष्टता, उत्साह और बेहतरीन काम के लिए कमिटमेंट बहुत प्रेरणा देने वाला है। ऐसी लीडरशिप से सीखना गर्व की बात है।'

यह मीटिंग ऐसे समय में हुई जब जडेजा भारतीय क्रिकेट के सीनियर खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें सोमवार को घोषित BCCI की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट की एलीट A कैटेगरी में रखा गया है। वह टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह के साथ यह दर्जा पाने वाले केवल तीन खिलाड़ियों में से एक थे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली के 20 ओवर के खेल से रिटायरमेंट के बाद जडेजा ने टी20 इंटरनेशनल मैचों से दूरी बना ली है और सबसे छोटे फॉर्मेट में अपने करियर को अलविदा कह दिया है। इस वजह से वह भारत और श्रीलंका की को-होस्टिंग में चल रहे ICC टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की टीम का हिस्सा नहीं हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप: पाकिस्तान सरकार का यू-टर्न!

## 15 फरवरी को खेला जाएगा भारत-पाक के बीच हाई वोल्टेज मैच

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार ने पुरुष क्रिकेट टीम को आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ अपना तय मैच खेलने की इजाजत दे दी है। यह मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाना है।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी से अपने मुकाबले भारत के बजाय किसी अन्य वेन्यू पर शिफ्ट करने की अपील की थी, लेकिन आईसीसी ने बीसीबी की अपील को ठुकरा दिया, जिसके बाद बांग्लादेश के स्थान पर स्कॉटलैंड को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में शामिल किया गया।

इसके बाद पाकिस्तान सरकार ने पहले टीम से कहा था कि भारत के खिलाफ मैच न खेले, ताकि बांग्लादेश को समर्थन दिखाया जा सके, लेकिन आईसीसी की ओर से भारत के मैच का बहिष्कार करने की पाकिस्तान की धमकी पर कड़ा रुख अपनाने और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और श्रीलंका सरकार की ओर से पाकिस्तान से अपने फैसले पर फिर से विचार करने के अनुरोध के बाद, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान पुरुष टीम को मैच खेलने




की इजाजत दे दी है।

पाकिस्तान सरकार ने कहा कि उसने बांग्लादेश और श्रीलंका के अनुरोधों के कारण अपनी टीम को 15 फरवरी का मैच खेलने की अनुमति दी है।

पाकिस्तान सरकार ने कहा, 'पाकिस्तान सरकार ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड द्वारा पीसीबी को भेजे गए औपचारिक अनुरोधों के साथ-साथ श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य सदस्य देशों के समर्थन संदेशों की समीक्षा की है। इन संदेशों में हाल की चुनौतियों का एक समाधान खोजने में पाकिस्तान के नेतृत्व की मांग की गई थी। सरकार ने बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम के बयान पर भी गौर किया। हमारे भाईचारे वाले देश की ओर से व्यक्त की गई गहरी कृतज्ञता को बहुत गर्मजोशी से स्वीकार किया गया। पाकिस्तान इस बात की पुष्टि करता है कि वह बांग्लादेश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

बयान में कहा गया है, 'रविवार शाम, प्रधानमंत्री ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से टेलीफोन पर बात की। अपनी गर्मजोशी भरी और मैत्रीपूर्ण बातचीत के दौरान, उन्होंने याद किया कि पाकिस्तान और श्रीलंका हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं, खासकर चुनौतीपूर्ण समय में। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री से मौजूदा गतिरोध को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने पर गंभीरता से विचार करने का अनुरोध किया।'

सोमवार रात को पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, 'बहुपक्षीय चर्चा के नतीजों और मित्र देशों के अनुरोध को देखते हुए, पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान नेशनल क्रिकेट टीम को आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप में अपने तय मैच के लिए 15 फरवरी 2026 को मैदान में उतरने का निर्देश देती है।'

## टी20 वर्ल्ड कप के बीच श्रीलंका के लिए बुरी खबर, स्टार खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा गंभीर चोट के कारण बाहर

नई दिल्ली। श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। स्टार ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा आयरलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में लगी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टी20 विश्व कप 2026 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। एमआरआई स्कैन में उनकी बाईं




हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट का पता चलने के बाद हसरंगा अब टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एमआरआई रिपोर्ट को यूके के एक विशेषज्ञ ने पहले ही देख लिया था। फिलहाल, श्रीलंका टूर्नामेंट में उनकी जगह दुशान हेमंथा को शामिल कर सकता है। हसरंगा अपनी हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझते हुए भी गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड के खिलाफ श्रीलंका की 20 रन की करीबी जीत में अपने चार ओवरों में 25 रन देकर तीन विकेट लिए। मैच की दूसरी गेंद फेंकने के तुरंत बाद ही हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझते हुए हैसरंगा को परेशानी होने लगी और इस वजह से उनकी गेंदबाजी में भी दिक्कत आ रही थी। हालांकि, उन्होंने जबरदस्त प्रभाव छोड़ा और श्रीलंका की पारी में अहम भूमिका निभाई, जिससे आयरलैंड 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी कुछ ओवरों में ढेर हो गया। उन्होंने रॉस एडायर, हैरी टेक्टर और कर्टिस कैम्फर जैसे खिलाड़ियों को आउट किया और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## डी कॉक ने धोनी के एक विश्व रिकार्ड की बराबरी की

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक कनाडा के खिलाफ हुए टी20 विश्वकप क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी में तो असफल रहे पर उन्होंने इस मैच में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र



सिंह धोनी के एक विश्व रिकार्ड की जरुर बराबरी कर ली। डी कॉक ने कनाडा के खिलाफ हुए मुकाबले में दो कैच पकड़े। इसी के साथ उन्होंने धोनी के टी20 विश्वकप में विकेटकीपर के तौर पर सबसे अधिक 32 खिलाड़ियों को आउट करने के रिकार्ड की बराबरी कर ली। अब डी कॉक के पास अगले मैच में धोनी का रिकार्ड तोड़ने का अच्छा अवसर है।

टी20 विश्वकप में विकेटकीपर के तौर पर सबसे ज्यादा आउट करने वाले खिलाड़ियों में तीसरे नंबर पर पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल हैं। कामरान ने विकेट के पीछे 30 शिकार किये हैं। वहीं वेस्टइंडीज के दिनेश रामदीन चौथे 27 और श्रीलंके के पूर्व कप्तान कुमार संगाकारा 26 शिकार के साथ ही पांचवें पायदान पर हैं। मैच की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान एडन मार्करम के 59 रनों की पारी से निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाए। वहीं कनाडा की ओर से अंश पटेल ने 31 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके बाद जीत के लिए मिले 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कनाडा की टीम 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 156 रन पर ही आउट हो गयी। केवल नवनीत धालीवाल ही 64 बना पाये। वहीं बाकि बल्लेबाज असफल रहे।

## टी20 विश्वकप : वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी इंग्लैंड


**मुंबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड की टीम बुधवार को ग्रुप सी के अपने दूसरे मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। इंग्लैंड को पहले मैच में नेपाल जैसी कमजोर टीम के खिलाफ कड़ा संघर्ष करने के बाद भी केवल 4 रनों से ही जीत मिली थी। ऐसे में उसका लक्ष्य वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना रहेगा। उसके लिए ये इतना भी कठिन नहीं है क्योंकि वेस्टइंडीज टीम भी काफी कमजोर है और उसके खिलाड़ी लय में नहीं हैं।




टी20 में हालांकि किसी भी टीम को कम नहीं आंका जा सकता है। हैरी ब्रुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम के पास सैम करन जैसे अच्छा गेंदबाज है। नेपाल के खिलाफ सैम ने अंतिम ओवर में केवल 5 रन ही देकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। उन्होंने अंतिम ओवर में लाइन और लेंथ से नेपाल के बल्लेबाजों को रन बनाने का कोई अवसर नहीं दिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने हालांकि मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था पर उसके स्पिनर आदिल राशिद और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर प्रभावित नहीं कर पाये। इससे नेपाल के बल्लेबाज मैच को अंत तक ले जाने में सफल रहे। मैच में कप्तान हैरी और युवा जैकब बेथेल ने अर्धशतक लगाए। इसके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की टीम इस मैच में अपना रन औसत भी बेहतर करना चाहेगी। नेपाल के खिलाफ जीत के बाद भी उसका औसत 0.200 है और वह तीसरे स्थान पर हैं जबकि स्कॉटलैंड दो अंकों और 0.950 के नेट रन औसल के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं वेस्टइंडीज के भी दो अंक हैं और उसका नेट रन औसत 1.750 है। दूसरी ओर वेस्टइंडीज जानता है कि इस मैच में उसे हर हाल में जीतना होगा।

वानखेड़े स्टेडियम में छोटी बाउंड्री से भी इस मैच में रनों को बनाना आसान रहेगा। वेस्टइंडीज ने अपने पहले मैच में शिमरोन हेटमायर के अर्धशतक 64 रनों के अलावा रोमारियो शेफर्ड के पांच विकेटों की सहायता से स्कॉटलैंड को हराया था पर उसे इसके लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था। ऐसे में अगर उसे इस मैच में जीतना है तो सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## सूर्यकुमार ने कप्तान के तौर पर अपने को साबित किया : गंभीर



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह मेरा काम आसान कर देते हैं। गंभीर ने कहा कि टी20 प्रारुप में कप्तान बनाये जाने के बाद से ही सूर्या ने अपनी जिम्मेदारी काफी अच्छे से निभाई है। वह हर प्रकार से सफल रहे है। दबाव के बीच भी उनकी नेतृत्व क्षमता को सभी ने देखा है। एक वीडियो में गंभीर ने कहा कि टीम में सूर्यकुमार जैसे आक्रामक बल्लेबाज से भारतीय टीम को काफी लाभ होता है। टीम के लिए ये खुशी की बात है कि उसे ऐसा कप्तान और बल्लेबाज मिला है जो संयमित रहते हुए सभी का सही उपयोग करता है। इससे कोच के तौर पर मेरा काम भी आसान हो गया है। गंभीर ने कहा, 'सूर्यकुमार ने इस प्रारूप में मेरा काम कर कर दिया है। वह लोगों के लिए एक बेहतरीन कप्तान हैं, यह केवल नहीं कि वह मैदान पर क्या करते हैं, या बल्लेबाज के रूप में कैसे हैं, या उनके शॉट्स इस प्रारूप में किस प्रकार के हैं।' कोच के तौर पर दिमाग में कई बातें चल रही होती हैं पर सूर्यकुमार माहौल को शांत बनाए रखते है, जो हर कोच चाहता है।' सूर्यकुमार ने पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ पारी को संभालकर टीम को जीत दिलायी। उन्होंने एक छोर से विकेटों के गिरने के बची भी 49 गेंदों में नाबाद 84 रन बनाकर टीम को मैच में बनाये रखा। गंभीर ने कहा, 'मेरे लिए खिलाड़ी सूर्यकुमार को अलग रखा जा सकता है पर कप्तान सूर्यकुमार के तौर पर वह हर परीक्षा खरे उतरे हैं। इससे मुझे भी काफी आराम मिल गया है क्यों मेरा काफी काम वहीं कर देते हैं। वह वास्तव में एक शानदार नेतृत्वकर्ता हैं।' यह सौभाग्य की बात है कि देश का नेतृत्व उनके जैसे खिलाड़ी के हाथ में है, क्योंकि उनका दिल सही जगह पर है और दबाव में वह सही फैसला लेते हैं।' गौरतलब है कि रोहित शर्मा के टी20 से संन्यास के बाद गंभीर ने ही सूर्या को कप्तानी देने की मांग की थी।

## यूएफा महिला चैंपियंस लीग खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर हैं मनीषा, एलियांजा लीमा क्लब से खेलेंगी



लीमा। भारतीय महिला फुटबॉलर मनीषा कल्याण मनीषा यूएफा महिला चैंपियंस लीग में खेलने वाली पहली भारतीय फुटबॉलर हैं। इसके बाद से ही उन्हें विदेशी लीग से प्रस्ताव मिलने शुरु हुए। अब मनीषा पेरु के क्लब एलियांजा लीमा से खेलती हुई नजर आयेंगी। मिडफील्डर मनीषा ने हाल ही में इस क्लब से करार किया है। मनीषा के अनुसार इससे उन्हें काफी कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। मनीष के अनुसार वह इस टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा, ''मैं इस क्लब में आकर बहुत खुश हूं। मुझे उनका खेलने का अंदाज काफी अच्छा लगता है। मैं अब इस नई चुनौती को लेकर बेहद उत्साहित हूं। वहीं क्लब एलियांजा ने कहा, ''मनीषा के साथ करार से हमें खुशी हुई है। उनके आने से हैं टीम को मजबूत मिलेगी। उन्होंने यूरोपीय फुटबॉल के शीर्ष स्तर पर खेला है जिसका लाभ क्लब को मिलेगा।''साथ ही कहा, ''कल्याण ने क्लब और राष्ट्रीय टीम दोनों स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। उनके पेशेवर करियर में भारत, साइप्रस और यूनान की लीग में खेलने का अनुभव शामिल है।''वहीं मनीषा ने कहा कि उसका प्रयास क्लब के लिए बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। उनका ध्यान अपना सौ फीसदी देने पर रहेगा।

## कतर ओपन : झेंग की दमदार वापसी, एंड्रीएवा अंतिम-16 में

दोहा। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने चोट से वापसी करते हुए कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शानदार जीत दर्ज की। झेंग ने सोमवार को खेले गए मुकाबले में 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता सोफिया केनिन को तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मैच में



4-6, 6-1, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका सामना एलिसिया पार्क्स से होगा। सितंबर पिछले साल के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी टेनिस में उतरीं झेंग इस समय विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर हैं। सीजन के अपने पहले ही मैच में उन्होंने 20 ऐस जमाकर जोरदार संदेश दिया। मैच के बाद झेंग ने कहा, 'चोट के बाद वापसी कभी पूरी तरह दर्द-मुक्त नहीं होती। लेकिन मुझे लगता है कि मेरी कोहनी सही दिशा में ठीक हो रही है। मैं अच्छी स्थिति में हूं और दो घंटे तक सर्व करते हुए खेल जारी रख सकती हूं।' उधर, पांचवीं वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीएवा ने राउंड ऑफ 64 में बाई मिलने के बाद अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। उन्होंने मग्दा लिनेट को 7-6 (7/0), 6-1 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। दिन के मुकाबलों में कुछ बड़े उलटफेर भी देखने को मिले। तीसरी वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा करोलिना प्लिस्कोवा के खिलाफ तीसरे सेट में पिछड़ते हुए मुकाबले से हट गईं। वहीं, पूर्व यूएस ओपन चैंपियन एमा राडुकानू को भी कैमिला ओसोरियो के खिलाफ निर्णायक सेट में रिटायर होना पड़ा। मंगलवार को शीर्ष दो वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक और एलेना रयबाकिना राउंड ऑफ 32 में अपने-अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। चौथी वरीयता कोको गॉफ भी सिंगल्स में अपना पहला मुकाबला खेलेंगी। गॉफ को सोमवार को उभरती स्टार विक्टोरिया म्बोको के साथ डबल्स में हार का सामना करना पड़ा था।

# पाकिस्तान के यू-टर्न के बाद सौरव गांगुली का बड़ा बयान, टी20 वर्ल्ड कप में भारत से जीतना मुश्किल



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने 15 फरवरी को कोलंबो में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की और भारतीय टीम के अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के नाम भी बताए। पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए के मैच पर प्रतिक्रिया देते हुए गांगुली ने कहा कि यह विश्व कप का एक बड़ा मुकाबला होगा। मैच 15 फरवरी को है, पाकिस्तान के लिए भारत को हराना आसान नहीं होगा। भारत एक बहुत अच्छी टीम है।

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष की यह टिप्पणी पाकिस्तान सरकार द्वारा सोमवार को दिए गए निर्देश के बाद आई है, जिसमें उन्होंने अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में मौजूदा चैंपियन भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच के लिए मैदान में उतरने का निर्देश दिया था। पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीसीबी, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच हुई उच्च स्तरीय वार्ता के परिणामों से अवगत कराया, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया।

गौरतलब है कि पाकिस्तान ने पहले बांग्लादेश के समर्थन में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ समूह चरण के विश्व कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया था। बांग्लादेश को आईसीसी द्वारा सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत से बाहर मैच आयोजित करने के अनुरोध को अस्वीकार करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से भी चुनौतीपूर्ण समय में देश के समर्थन पर चर्चा की। आईसीसी और अन्य देशों के साथ चर्चा के बाद, पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने का निर्देश दिया है।

आईसीसी ने रविवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पीसीबी और बीसीबी के साथ बैठक की, जिसमें कोलंबो में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप 2026 मैच के पाकिस्तान के बहिष्कार के फैसले पर चर्चा की गई। इसके बाद, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने सोमवार को पाकिस्तान से 15 फरवरी को भारत के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप मैच खेलने का आग्रह किया।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में गिरावट, गोल्ड और ऋण फंड में निवेश बढ़ा

**- जनवरी में निवेश 24,028 करोड़, जो दिसंबर के 28,054 करोड़ की तुलना में 14 प्रतिशत कम**

**नई दिल्ली ।**

जनवरी में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 24,028 करोड़ रुपये रह गया, जो दिसंबर के 28,054 करोड़ रुपये की तुलना में 14 प्रतिशत कम है। यह लगातार दूसरा महीना है जब इक्विटी निवेश में गिरावट दर्ज की गई। कमजोर बाजार हालात और वैश्विक भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच निवेशक सतर्क बने हुए हैं। अक्टूबर में इक्विटी निवेश 24,690 करोड़ रुपये था, जबकि नवंबर में यह 29,911 करोड़ रुपये था। इक्विटी निवेश में सुस्ती के बावजूद म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंध अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़कर 81.01 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो दिसंबर में 80.23 लाख करोड़ रुपये थी। जनवरी में उद्योग में कुल शुद्ध निवेश 1.56 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जबकि दिसंबर में 66,591 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। फ्लेक्सी-कैप फंड में सबसे अधिक 7,672 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ। इसके बाद मिड-कैप फंड में 3,185 करोड़ रुपये और लार्ज व मिड-कैप फंड में 3,182 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। लार्ज-कैप और स्मॉल-कैप फंड में क्रमशः 2,005 करोड़ और 2,942 करोड़ रुपये का निवेश दर्ज किया गया। कर बचत योजनाओं में 593.69 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई, जो मुनाफावसूली और कर समायोजन को दर्शाती है।

गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में मांग तेजी से बढ़ी और निवेश दिसंबर के 11,647 करोड़ रुपये से बढ़कर जनवरी में 24,040 करोड़ रुपये हो गया। ऋण म्यूचुअल फंड में भी सुधार दिखा और जनवरी में 74,827 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज हुआ, जबकि दिसंबर में इसमें 1.32 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई थी।

## भारत को फार्मा नवाचार हब बनाने नियामकीय सुधार जरूरी: उद्योग दिग्गज



**अनुमोदन प्रक्रिया को आसान और तेज करना जरूरी**

**नई दिल्ली ।**

देश के फार्मास्युटिकल उद्योग के प्रमुखों ने कहा है कि भारत को नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए तेज, सरल और भरोसेमंद नियामक तंत्र की आवश्यकता है। उद्योग ने आगाह किया कि मंजूरी में देरी, क्लीनिकल परीक्षणों का कमजोर बुनियादी ढांचा और घरेलू नवाचार की कम स्वीकार्यता भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे छोड़ रही है, जबकि चीन जैसे देश तेजी से मूल्य श्रृंखला में आगे बढ़ रहे हैं। सन फार्मा के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि भारत में मंजूरी मिलने से पहले अक्सर चरण-1 के परीक्षण बेल्जियम या ऑस्ट्रेलिया में पूरे हो जाते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अगर देश नवाचार का हब बनना चाहता है तो अनुमोदन प्रक्रिया को आसान और तेज करना जरूरी है। उद्योग के दिग्गजों ने हाल ही में लागू की गई सरकारी योजनाओं का स्वागत किया। इनमें पीआरआईपी योजना और 1,000 क्लीनिकल परीक्षण केंद्रों को प्रमाणित करने की पहल शामिल है। उन्होंने कहा कि यह संकेत सकारात्मक हैं, लेकिन असली चुनौती इन पर प्रभावी अमल करना है। उद्योग के दिग्गजों ने मिलकर जोर दिया कि भारत को केवल जेनेरिक दवाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मूल्यवान नवाचार दवाओं के निर्माण की दिशा में तेजी से बढ़ना चाहिए।

उद्योग के दिग्गजों का मानना है कि भारत फार्मा नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व हासिल कर सकता है, यदि नियामकीय प्रक्रियाओं में सुधार, क्लीनिकल परीक्षणों का मजबूत ढांचा और नवाचार को प्रोत्साहन दिया जाए।

## छमाही में कंपनियों का कैपेक्स 6 साल के उच्च स्तर पर

**वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में कंपनियों का पूंजीगत खर्च 13.1 फीसदी बढ़ा**

**नई दिल्ली ।**



भारतीय कॉरपोरेट क्षेत्र में निवेश गतिविधियां तेज़ होती दिख रही हैं। चालू वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में सूचीबद्ध कंपनियों के पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बैंक, वित्त और बीमा (बीएफएसआई) तथा तेल एवं गैस क्षेत्र को छोड़ दें तो अन्य क्षेत्रों की कंपनियों की कुल स्थिर संपत्तियां इस अवधि में 13.1 फीसदी बढ़ीं, जो पिछले छह वर्षों में सबसे तेज़ वृद्धि है। 702 कंपनियों की कुल स्थिर संपत्तियां सितंबर 2025 के अंत तक बढ़कर 37.78 लाख करोड़ रुपये हो गईं। इससे पहले यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2025 की समान अवधि में 33.41 लाख करोड़ रुपये और मार्च 2025 के अंत में 36.33 लाख करोड़ रुपये था। इसके मुकाबले वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में कैपेक्स वृद्धि 7.9 फीसदी और दूसरी छमाही में 6.9 फीसदी रही थी। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी का मुख्य श्रेय सीमेंट, बिजली, निर्माण एवं बुनियादी ढांचा, खनन, धातु और वाहन क्षेत्रों को जाता है। इस दौरान ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने सबसे बड़ा योगदान दिया। इसके बाद अदाणी एंटरप्राइजेज, एनटीपीसी, टाटा स्टील और पावर ग्रिड का स्थान रहा। कुल कैपेक्स में इन पांच कंपनियों की हिस्सेदारी लगभग 30 फीसदी रही। ग्रासिम की स्थिर संपत्तियां सालाना आधार पर 30 फीसदी बढ़कर 1.25 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जिसका बड़ा कारण उसकी सीमेंट इकाई अल्ट्राटेक सीमेंट का विस्तार है। अल्ट्राटेक की स्थिर संपत्तियां पहली छमाही में 41.2 फीसदी बढ़ीं। इसके अलावा कई कंपनियों में अधिग्रहण के चलते भी स्थिर संपत्तियों में तेज़ बढ़ोतरी दर्ज की गई। यदि रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडियन ऑयल और ओएनजीसी को शामिल किया जाए, तो इस अवधि में कॉरपोरेट कैपेक्स वृद्धि 20 फीसदी से अधिक रही।

# पीएमआईएस में होगा बदलाव, इंटर्नशिप अवधि और आयु सीमा में कमी पर विचार

**पायलट चरण में 1 लाख प्रशिक्षुओं की भागीदारी**

**नई दिल्ली ।** कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) की प्रायोगिक परियोजना में सुधारों का प्रस्ताव व्यय वित्त समिति को सौंपा है। मंत्रालय ने कहा कि योजना को उम्मीदवारों के लिए और अधिक सुलभ और आकर्षक बनाने के लिए इंटर्नशिप की अवधि और आयु सीमा में कमी पर विचार किया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि योजना को पूरी तरह लागू करने से पहले इन बदलावों के साथ उसका परीक्षण किया जाएगा।

पायलट चरण में लगभग 1 लाख प्रशिक्षुओं को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में 840 करोड़ रुपये के बजट के साथ योजना की प्रायोगिक परियोजना को मंजूरी दी गई थी। संसद में दिए गए जवाब के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 31 दिसंबर तक पायलट परियोजना में 64.91 करोड़ रुपये खर्च किए गए। अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए योजना के लिए 4,800 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी वर्ष मंत्रालय ने संशोधित अनुमान के तहत 10,831 करोड़ रुपये में से 541 करोड़ रुपये खर्च किए। पहले चरण में 1.81 लाख उम्मीदवारों से 6.21 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3,417 प्रशिक्षुओं ने इंटर्नशिप पूरी की। प्रायोगिक परियोजना के दोनों चरणों में कुल 7,094 उम्मीदवारों ने इंटर्नशिप बीच में छोड़ दी। दूसरे चरण में 4.55 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

# आरबीआई ने एमएसई के लिए 20 लाख तक का कोलैटरल-फ्री लोन देने की घोषणा की

**मुंबई ।**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के तहत अब एमएसई 20 लाख रुपए तक का लोन बिना किसी संपत्ति को गिरवी रखे (कोलैटरल-फ्री) ले सकते हैं। यह संशोधन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को लोन देने संबंधी पुराने नियमों में बदलाव है। आरबीआई ने यह भी बताया कि ये नए निर्देश 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। आरबीआई का उद्देश्य है कि सीमित संसाधनों वाले छोटे उद्यमों तक वित्तीय सहायता आसानी से पहुंचे। इससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकेंगे और बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठा पाएंगे। इसके अलावा, यह कदम एमएसई क्षेत्र में लोन वितरण प्रक्रिया को तेज और आसान बनाने के लिए भी उठाया गया है। एमएसएमई उद्योगों को मदद देने के लिए सरकार ने भी नए कदम उठाए हैं। डाक चैनल के माध्यम से होने वाले निर्यात को अब आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल जैसे लाभों से जोड़ा गया है। इससे छोटे उद्योग जो डाक सेवा के जरिए विदेशों में सामान भेजते हैं, उन्हें शुल्क और करों में छूट मिलेगी। यह नियम 15 जनवरी 2025 से लागू हैं। छोटे उद्योगों को मिलेंगे फायदे- 20 लाख तक का कोलैटरल-फ्री लोन आसानी से मिलेगा, बैंकिंग प्रक्रिया सरल और तेज होगी, डाक चैनल से निर्यात करने वाले उद्योगों को वित्तीय और कर लाभ प्राप्त होंगे एवं एमएसई क्षेत्र का विकास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। आरबीआई और सरकार के इन कदमों से छोटे और लघु उद्यमों को वित्तीय और बाजार में स्थिरता मिलने की संभावना है, जिससे देश के एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

## रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 20 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.48 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में 11 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.77 पर पहुंच गया। भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति के बाद से मुद्रा बाजार में उत्साह की बजाय सतर्कता का माहौल बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.63 पर खुला। फिर और टूटकर 90.77 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को उतार-चढ़ाव भरा कारोबार करते हुए अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.66 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 97.79 पर रहा।



## ट्रेड डील के बाद विदेशी निवेशकों का भरोसा, भारतीय शेयर बाजार में बढ़ा

**मुंबई ।** अमेरिका के साथ भारत की ट्रेड डील को लेकर जो समझौता हुआ है। इसका असर भारत के शेयर बाजार में देखने को मिल रहा है।विदेशी निवेशकों ने भारत के शेयर बाजार में निवेश करना शुरू कर दिया है। इससे बाजार में तेजी का माहौल देखने को मिल रहा है। ट्रेड डील के बाद विदेशी निवेशकों ने लगभग 15000 करोड रुपए के भारतीय कंपनियों के शेयर खरीदे हैं। जिसके कारण बाजार में एक बार फिर रौनक आ गई है।विदेशी निवेश आने के कारण डॉलर के मुकाबले रुपए में सुधार हुआ है।विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में छोटी और मझोली कंपनियों के साथ-साथ लार्ज कैप में भी निवेश कर रहे हैं। भारत और अमेरिका के बीच जो अंतरिम व्यापार समझौता हुआ है। जिस तरह से आयात शुल्क कम करने की बात सामने आ रही है। भारत से सी-फूड, जेम्स ज्वेलरी, टेक्सटाइल, केमिकल्स, दवाएं और डिफेंस कंपनियों के शेयर में तेजी का माहौल देखने को मिल रहा है। माना जा रहा है कि ट्रेड डील के बाद भारत के आयात और निर्यात कारोबार मैं वृद्धि होगी। इसका असर भारतीय शेयर बाजार में देखने को मिल रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है। जिस तरह से दुनिया के देशों में आर्थिक अस्थिरता देखने को मिल रही है। ऐसी स्थिति में शेयर बाजार में सोच समझकर निवेश करने की जरूरत है। भारत के शेयर बाजार में एक ही समय पर तेजड़िये और मंदड़िये सक्रिय हो जाते हैं। उसको देखते हुए शेयर बाजार में स्थिरता बनी रहेगी,यह कहना मुश्किल है।

## बांग्लादेश-अमेरिका व्यापार समझौते से आरएमजी क्षेत्र को बड़ी राहत

**ढाका ।**

बांग्लादेश और अमेरिका ने व्यापार समझौते पर सहमति जताई है, जिसके तहत बांग्लादेश से आने वाले कुछ वस्त्र और परिधान उत्पादों पर अमेरिकी शुल्क को घटाकर 19 फीसदी कर दिया गया है। खासकर अमेरिका में उत्पादित कपास और मानव निर्मित फाइबर से बने रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) को शून्य शुल्क पर अमेरिकी बाजार में प्रवेश मिलेगा। यह समझौता नौ महीने की बातचीत के बाद हुआ है। समझौते में अमेरिका से गेहूं, सोयाबीन और एलएनजी आयात, ई-कॉमर्स पर शुल्क न लगाना, अमेरिकी बौद्धिक संपदा अधिकार मानकों का पालन और डब्ल्यूटीओ सुधारों में सहयोग जैसे प्रावधान शामिल हैं। अमेरिका में वाणिज्य सलाहकार शेख बशीर उद्दीन और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। आरएमजी क्षेत्र बांग्लादेश की कुल निर्यात आय में 80 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी रखता है। यह क्षेत्र लगभग 40 लाख लोगों को रोजगार देता है, जिनमें अधिकांश महिलाएं हैं, और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका योगदान करीब 10 फीसदी है। व्यापार विश्लेषकों का मानना है कि यह समझौता निर्यातकों के लिए बड़ी राहत है। समझौता ऐसे समय हुआ है जब बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। अमेरिकी शुल्क कटौती पर हाल ही में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते का भी प्रभाव पड़ा हो सकता है। बांग्लादेश के मुख्य प्रतिस्पर्धी वियतनाम पर 20 फीसदी शुल्क, जबकि पाकिस्तान, कंबोडिया और इंडोनेशिया पर 19 फीसदी शुल्क लगाया गया है। बांग्लादेश ने अमेरिकी बोइंग से 25 विमान खरीदने की सहमति दी है, जिसकी अनुमानित लागत 30,000-35,000 करोड़ टका है। यह कदम अमेरिकी शुल्क में रियायत पाने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 208 , निफ्टी 67 अंक ऊपर आया**

**मुंबई ।**



भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। आज वाहन और घातु शेयरों में जमकर खरीदारी हुई जिससे बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 208.17 अंक बढ़कर 84,273.92 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 67.85 अंक उछलकर 25,935.15 पर बंद हुआ। आज निफ्टी ऑटो , निफ्टी मेटल , निफ्टी कंजप्शन, निफ्टी इंडिया डिफेंस , निफ्टी पीएसई और निफ्टी कमोडिटीज के शेयरों में तेजी रही जबकि फ्टी फार्मा, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी पीएसयू बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

आज लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 294.75 अंक बढ़कर 60,735.90 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 65.30 अंक उछलकर 17,451.20 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, एमएंडएम, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, एलएंडटी, टीसीएस, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, ट्रेंट, टाइटन, सन फार्मा और बजाज फिनसर्व के शेयरों को लाभ हुआ जबकि एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, एसबीआई, इंडिगो और बीईएल के शेयर गिरे।

इससे पहले आज सुबह बाजार की मजबूती के साथ शुरुआत हुई। सुबह बीएसई सेंसेक्स अपने पिछले बंद स्तर से करीब 144 अंकों की तेजी के साथ 84,210 के स्तर पर खुला और शुरुआती कारोबार में 84,270 के आसपास पहुंच गया। वहीं निफ्टी 50 भी करीब 57 अंकों की बढ़त के साथ 25,922.65 के स्तर पर कारोबार शुरू किया। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंकों की मजबूती के साथ 84,270 के ऊपर ट्रेड करता दिखा। निफ्टी भी 56 अंकों की तेजी के साथ 25,924 के आसपास बना रहा। आजएशियाई बाजारों में जापान का निक्केई, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और ऑस्ट्रेलिया के शेयर बाजार हरे निशान में कारोबार करते नजर आए।

## क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन गुजरात में लगाएगी नया कृषि-रसायन संयंत्र

**- कंपनी ने गुजरात में 31 एकड़ भूमि खरीदी, कृषि-रसायन संयंत्र में करेगी 100 करोड़ का निवेश**

**नई दिल्ली ।** कृषि-रसायन क्षेत्र की कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन ने गुजरात के झगड़िया में 31.06 एकड़ भूमि खरीदी है। कंपनी अगले तीन वर्षों में इस स्थान पर स्वचालित विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये निवेश करेगी। संयंत्र की प्रारंभिक उत्पादन क्षमता सालाना 50,000 टन होगी। बढ़ती मांग को देखते हुए इसे 1,20,000 टन तक बढ़ाया जा सकेगा। संयंत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। संयंत्र में खरपतवारनाशी, फफूंदनाशी और कीटनाशी तैयार किए जाएंगे। प्रमुख उत्पादों में टॉपर, टिल्ट, प्रोक्लेम, मिसाइल और एसीएम-9 शामिल हैं। कंपनी का लक्ष्य घरेलू बाजार के साथ एशिया और अफ्रीका में निर्यात बढ़ाना है। गुजरात को चयनित करने के पीछे कारण हैं किफायती लागत, नियामकीय स्थिरता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला। झगड़िया संयंत्र को दहेज, हजीरा और जेएनपीटी बंदरगाहों तक आसान पहुंच भी मिलेगी। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के एक अधिकारी ने कहा कि यह संयंत्र कंपनी की वैश्विक प्रतिबद्धता और उत्पादन क्षमता को और मजबूत करेगा।

## हैप्पिएस्ट माइंड्स मुनाफा 19.6 प्रतिशत घटकर 40.3 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली ।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी हैप्पिएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 19.56 प्रतिशत घटकर 40.3 करोड़ रुपये रह गया। पिछली वित्त वर्ष (2024-25) की समान तिमाही में यह 50.1 करोड़ रुपये था। कंपनी के अनुसार यह गिरावट मुख्य रूप से नए श्रम संहिता के लागू होने से जुड़े एकमुश्त प्रभाव (22.03 करोड़ रुपये) के कारण आई। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 10.69 प्रतिशत बढ़कर 587.56 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछली तिमाही में यह 530.81 करोड़ रुपये थी। तिमाही आधार पर आय में 2.43 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मजबूत नकदी प्रवाह और एआई फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ दीर्घकालिक मूल्य सृजन पर ध्यान जारी है। कंपनी एआई और जेन एआई में निवेश बढ़ाएगी और वित्त वर्ष 2026-27 तक 1000 से अधिक लोगों का समर्पित दल बनाने की योजना रखती है।

# मोटर वाहन बिक्री में जोरदार उछाल, ग्रामीण बाजार में मांग बढ़ी

**- जनवरी में यात्री वाहन बिक्री 5,13,475 इकाई रही, एक साल पहले 4,78,915 से 7 प्रतिशत अधिक**

**नई दिल्ली ।**



देश में जनवरी 2026 में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर लगभग 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वाहन डीलर निकाय फाडा के अनुसार कुल बिक्री 27,22,558 इकाई रही, जो जनवरी 2025 की 23,14,940 इकाई की तुलना में 17.61 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर नकदी प्रवाह, जीएसटी में बदलाव के बाद नीति स्थिरता और मालवाहन मांग में स्पष्टता से जुड़ी है। जनवरी में यात्री वाहन बिक्री 5,13,475 इकाई रही, जो एक साल पहले की 4,78,915 इकाई से 7 प्रतिशत अधिक है। फाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सालाना आधार पर बिक्री 14.43 प्रतिशत बढ़ी, जबकि शहरी क्षेत्र में सिर्फ 2.75 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस वृद्धि में एसयूवी/कॉम्पैक्ट एसयूवी की लोकप्रियता, छोटी कारों की वापसी और उत्पाद उपलब्धता का योगदान रहा। दो-पहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 18,52,870 इकाई तक पहुंच गई। ट्रैक्टर की बिक्री भी 23 प्रतिशत बढ़कर 1,14,759 इकाई हो गई। विग्नेश्वर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में त्योहारों, शादी के मौसम और बेहतर वहनीयता से मांग में इजाफा हुआ है। तीन-पहिया वाहनों की बिक्री में 19 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। इन आंकड़ों से मालवाहन और छोटे व्यवसायों में मांग की स्थिरता का संकेत मिलता है। फाडा के सर्वेक्षण के अनुसार, 79.7 प्रतिशत डीलर आगामी तीन महीनों में बिक्री वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं, जबकि केवल 1.88 प्रतिशत ने गिरावट की आशंका जताई। जीएसटी में बदलाव, कृषि और बुनियादी ढांचा पर जोर देने वाला बजट, और ब्याज दरों की स्थिरता से वाहन खरीद में उत्साह बढ़ा है।

## एक्मे सोलर को मध्य प्रदेश में 220 मेगावाट की सौर परियोजना मिली




**नई दिल्ली ।** एक्मे सोलर होल्डिंग्स को मध्य प्रदेश के मुरैना सोलर पार्क में 220 मेगावाट की सौर परियोजना मिली है। इस परियोजना में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) भी शामिल होगी। यह परियोजना रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड द्वारा जारी 440 मेगावाट की निविदा का हिस्सा है। परियोजना के लिए निविदा दर-आधारित प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के तहत जारी की गई थी। नीलामी सितंबर 2025 में इलेक्ट्रॉनिक रिवर्स तरीके से आयोजित की गई। परियोजना का अधिकतम वार्षिक क्षमता उपयोग कारक 35 प्रतिशत है। सुबह और शाम दो-दो घंटे, कुल चार घंटे की उच्चतम मांग आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी। इस दौरान बिजली की सालाना 95 प्रतिशत उपलब्धता अनिवार्य है। परियोजना 25 साल की विद्युत खरीद संधि (पीपीए) के तहत संचालित होगी। इसमें सौर ऊर्जा और बैटरी भंडारण तकनीक का संयोजन होगा। विद्युत खरीद संधि मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड के साथ होगी।



## क्या दो हिस्सों में रिलीज होगी 'वाराणसी'? राजामौली ने अटकलों पर लगाया विराम

एसएस राजामौली इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग में बिजी हैं। यह प्राचीन पौराणिक कथाओं पर आधारित है और रामायण से जुड़ी है। जिस दिन से इसका एलान हुआ है, तभी से कयास लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म दो हिस्सों में बनेगी। अब राजामौली ने बताया है कि इस फिल्म का पार्ट 2 आएगा या नहीं।

राजामौली ने फिल्म 'बाहुबली' को दो हिस्सों में बनाया था, इसलिए 'वाराणसी' को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह दो हिस्सों में बनेगी। हालांकि एसएस राजामौली ने लंबे समय से चल रहे इस सस्पेंस को आखिरकार खत्म कर दिया है। मीडिया से राजामौली की बातचीत सामने आई है। इसमें उन्होंने इस मामले पर अपनी बात रखी है।

### क्या दो हिस्सों में बनेगी 'वाराणसी'?

नवंबर 2025 में हैदराबाद में 'वाराणसी' की झलक लॉन्च के दौरान न्यूज एजेंसी स्क्रीन रेंट से बात करते हुए राजामौली ने साफ किया कि 'वाराणसी' एक सिंगल-पार्ट फिल्म होगी। इसका रनटाइम लगभग तीन घंटे होगा। उन्होंने बताया कि टीम ने शुरू में इसे दो हिस्सों में बनाने का विचार किया था, लेकिन प्रोडक्शन शुरू होने के कुछ ही समय बाद यह प्लान बदल गया। उन्होंने बताया कि उन्हें भरोसा है कि अगर दर्शक कहानी में खो जाते हैं और उसमें दिलचस्पी लेते हैं, तो रन टाइम ज्यादा लंबा नहीं लगेगा।

### 'वाराणसी' की स्टारकास्ट

फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज होने वाली है। इसमें प्रियंका चोपड़ा के साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन अहम किरदारों में होंगे। रिलीज से काफी पहले फिल्म दुनिया भर में चर्चा बटोर रही है। नवंबर 2025 में 'वाराणसी' की एक झलक दिखाई गई थी। इसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था।



## वाराणसी के अलावा इस भारतीय फिल्म से जुड़ रही प्रियंका चोपड़ा

**लंबे समय से हिंदी फिल्मों से दूर प्रियंका चोपड़ा अब सुर्खियों में आने लगी हैं। खबरें हैं कि प्रियंका चोपड़ा ऋतिक रोशन के साथ 'कृष 4' में लीड रोल में नजर आने वाली हैं। फैंस के लिए यह अच्छी खबर है। प्रियंका चोपड़ा 'कृष' फ्रेंचाइजी की दो फिल्मों में लीड एक्ट्रेस रही हैं।**

### 'कृष 4' का हिस्सा होंगी प्रियंका?

फैंस लंबे समय से इस बात को लेकर कशमकश में थे कि 'कृष 4' में फीमेल लीड के तौर पर कौन होगा। अब बॉलीवुड हंगामा ने यह खबर दी है कि फिल्म में प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में होंगी। इस खबर से फैंस उत्साहित हैं।

### दो फिल्मों में निभाया लीड रोल


प्रियंका चोपड़ा 'कृष' से काफी पहले से जुड़ी रही हैं। दो फिल्मों में उन्होंने ऋतिक रोशन के साथ अहम किरदार निभाया है। दर्शकों ने फिल्म में उनकी और ऋतिक की केमिस्ट्री को पसंद किया है। ऐसे में लगता है कि वह फिल्म में वापसी कर सकती हैं।

### कौन होगा निर्देशक?

ऋतिक रोशन न सिर्फ 'कृष 4' में अभिनय करेंगे बल्कि वह इसका निर्देशन भी करेंगे। उनके निर्देशन में बनने वाली यह पहली फिल्म होगी। फैंस इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि ऋतिक कैसे कैमरे के पीछे से चीजें संभालेंगे।

### प्रियंका का वर्कफ्रंट

आपको बता दें कि प्रियंका चोपड़ा आखिरी बार फिल्म 'द स्काइ इज पिंक' में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ फरहान अख्तर और जायरा वसीम थीं। इसके बाद उन्होंने विदेशी फिल्मों में काम किया। वह जल्द ही फिल्म 'वाराणसी' से भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं।



## नितेश तिवारी की 'रामायण' में विभीषण के रोल में दिखाई देंगे विजय सेतुपति

फिल्म 'रामायण' को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को मेकर्स पैन इंडिया रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।



## खाकी पहनकर 'कर्तव्य' निभाने निकले सैफ! 'गांधारी' बनीं तापसी 'टोस्टर' में उलझे राजकुमार

नेटफ्लिक्स साल 2026 में भारतीय दर्शकों मनोरंजन के लिए क्या खास पेश करने वाला है? आज मंगलवार को एक इवेंट में इसका एलान कर दिया गया है। इस बार नेटफ्लिक्स के पिटारे में काफी कुछ खास है। इसने आज करीब 21 फिल्मों और सीरीज से पर्दा उठाया है। कुछ फिल्मों के टीजर जारी किए हैं, कुछ के ट्रेलर तो कुछ का एलान अनाउंसमेंट वीडियो के साथ किया गया है। इसके अलावा कुछ ऐसे प्रोजेक्ट हैं, जिनके फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हुए हैं।

### 'कर्तव्य' में खाकी पहने दिखे सैफ अली खान

नेटफ्लिक्स ने आज सैफ अली खान अभिनीत दो फिल्मों का एलान किया है। पहली फिल्म है 'हम हिंदुस्तानी'। इसका टीजर रिलीज हुआ है। सच्ची कहानी से प्रेरित इस फिल्म में भारत के पहले चुनाव की कहानी दिखाई जाएगी। वहीं, एक अन्य फिल्म है, 'कर्तव्य'। इस फिल्म में सैफ अली खान खाकी पहनकर कर्तव्य अदा करते दिखाई देंगे। नेटफ्लिक्स पर जारी पोस्टर में कैप्शन में लिखा है, 'धर्म और कर्म के युद्ध में, क्या कर्तव्य जीत पाएगा?' यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसमें रसिका दुग्गल और संजय मिश्रा भी नजर आएंगे। सैफ अली खान की इस फिल्म के साथ एक जर्नलिस्ट अपनी एक्टिंग की पारी शुरू करने जा रहे हैं।

### 'गांधारी' के पोस्टर में तापसी की झलक



तापसी पन्नू की आगामी फिल्म 'गांधारी' भी नेटफ्लिक्स पर इस साल रिलीज होगी। इसका आधिकारिक एलान कर दिया गया है और साथ ही पोस्टर जारी किए गए हैं। इनमें तापसी पन्नू का खौफनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। 'गांधारी' के पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'आपने एक मां का प्यार देखा है। अब उसके गुस्से से मिलिए'। इस फिल्म में इश्वाक सिंह भी नजर आएंगे।

### 'टोस्टर' का पोस्टर जारी

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा की फिल्म 'टोस्टर' का पोस्टर भी रिलीज किया गया है। यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म में अभिनेता कंजूस व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म में राजकुमार और सान्या के अलावा फराह खान, अर्चना पूरन सिंह और अभिषेक बनर्जी भी नजर आने वाले हैं। सभी की झलक दिखाई दी है।




## अपने आप से लड़कर मैंने खुद को पाया है

फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने खास बातचीत के दौरान अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। आईएएनएस से बात करते हुए मेधा राणा ने कहा, ''साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। शुरुआत में मैं खुद को लेकर बहुत उलझन में रहती थीं। मुझे अक्सर लगता था कि शायद मैं इस इंडस्ट्री के लिए बनी ही नहीं हूं। ऐसे विचार मुझे भीतर से कमजोर बनाते थे और आगे बढ़ने में बाधा भी बनते थे।'' उन्होंने कहा, ''जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो शुरुआती दिन बेहद कठिन थे। मैं लगातार खुद पर शक करती थी और अपने फैसलों को लेकर आश्वस्त नहीं थी। इस असमंजस से बाहर निकलने में मुझे काफी समय लगा। इंडस्ट्री को समझना, अपने आप को पहचानना और हालात को स्वीकार करना एक लंबी सीख की प्रक्रिया रही।''

जब उनसे पूछा कि 2022 से अब तक उनके जीवन में सबसे बड़ा निजी बदलाव क्या रहा है, तो मेधा ने कहा, ''मैंने अपने आप से लड़कर खुद को पाया है। अब मैं खुद को पहले से ज्यादा स्वीकार करने लगी हूं। मैं अपनी कमियों और खूबियों दोनों को समझती हूं और उन्हें लेकर सहज हूं। यही स्वीकार्यता मेरे आत्मविश्वास की सबसे बड़ी वजह बनी है।'' मेधा राणा ने कहा, ''फिल्म 'बॉर्डर 2' मेरे करियर का एक अहम मोड़ साबित हुई है। इस फिल्म का हिस्सा बनने के बाद और दर्शकों से मिली प्रतिक्रिया ने मेरे भीतर एक नया भरोसा पैदा किया। जब किसी कलाकार को उसके काम के लिए सराहना मिलती है, तो वह खुद पर यकीन करने लगता है। 'बॉर्डर 2' के अनुभव ने मुझे यह एहसास दिलाया कि मैं अपने हुनर में सक्षम हूं और मेहनत रंग ला सकती है।'' उन्होंने कहा, ''अब मैं खुद को लेकर ज्यादा आश्वस्त महसूस करती हूं। अपने अभिनय कौशल और फैसलों पर मेरा भरोसा बढ़ा है। यह आत्मविश्वास मेरे जीवन की अब तक की सबसे बड़ी ग्रोथ है, जो मुझे आगे और बेहतर काम करने की प्रेरणा देता है।''





## अच्छा इंसान मिल जाए तो झटपट शादी कर लूं

छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली मृणाल ठाकुर ने अपने छोटे से करियर में लंबा सफर तय किया है। मराठी फिल्म में काम कर चुकी मृणाल हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के अलावा तेलुगू इंडस्ट्री में भी काफी एक्टिव हैं। इन दिनों वह चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म 'दो दीवाने शहर में' को लेकर। इस खास मुलाकात में मृणाल प्यार-मोहब्बत, शादी और जीवनसाथी पर खुल कर बात करती हैं।

### ऋतिक, शाहिद और जॉन को लेकर थी पागल

अपने बचपन और ग्रोइंग इयर्स के अट्रैक्शन के बारे में वे हंसते हुए वे कहती हैं, 'वो इनफैचुएशन नहीं बल्कि ऑब्सेशन था और वो था तीन हीरोज के प्रति। मेरी किताबों में इन हीरोज के कटआउट्स हुआ करते थे। उन फोटो के कटआउट्स को मैं छिपा-छिपा कर रखती थी और वो हीरो थे, ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर और जॉन अब्राहम। आपको हंसी आएगी सुनकर, मगर जो साड़ी के बॉक्स आते थे, उस पर मैं और मेरी बहन इन हीरोज के फोटो काट कर चिपका देते और उन्हें बुकमार्क के रूप में संजो कर रखते थे। पापा को पता चलता कि हम लोग हीरोज के पिक्स काट-काट कर लगाते हैं, तो बहुत डांट पड़ती थी कि हम पढ़ाई के बजाय ये क्या कर रहे हैं? तकदीर देखिए, इन तीनों हीरोज के साथ मुझे काम करने का मौका मिला। रितिक के साथ मैंने सुपर 30 की, शाहिद कपूर के साथ जर्सी तो जॉन अब्राहम संग बाटला हाउस। मैं और मेरी बहन कई बार एक -दूसरे को देख कर बातें करते, हम लोग कहां से आए और आज कहां पहुंच गए। वाकई कई बार चूंटी काटने को दिल करता कि क्या ये सच है। सच में रितिक, जॉन और शाहिद के साथ काम करते हुए कई बार मंत्रमुग्ध भी हुई हूं। जॉन को हम जोनेमन बुलाते हैं। वो अक्सर मेरी बहन का हाल-चाल पूछने के लिए मुझे कॉल करते हैं। शाहिद को मैं एक एक्टर के रूप में बहुत पसंद करती हूं, तो कई बार मैं इतनी खो जाती कि अपने डायलॉग्स भूल जाया करती थी। शाहिद के साथ शूटिंग के पहले ही दिन मुझे थप्पड़ मारना था, मेरा तो कल्याण ही हो गया था। मैं बहुत नर्वस थी। वाकई बहुत ही अविश्वसनीय है ये जर्नी। मेरी बहन मेरा मेकअप भी करती है, तो आज ही सुबह वो रो पड़ी थी, ये सोचा कर कि हम जिस इंडस्ट्री में यहीं, हमने उसके बारे में सोचा ही नहीं था।'

### झगड़े के बाद भी वो मुझे गले लगाए

अपने भावी साथी को लेकर भी मृणाल ने हमसे बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे एक अच्छा इंसान मिल जाए, जिससे मेरा दिल भी मिले, हमारे बीच कंपैटिबलिटी हो और मुझे सारी चीजें आसान लगे, तो मैं बेशक झटपट कर लूंगी शादी। आज कल डिवोर्स रेट बढ़ गए हैं और शादियां करने से लोग कतराने लगे हैं। तो मुझे बेमेल शादी करके वो गलती नहीं करनी। मेरा तो बचपन से ख्वाब रहा है शादी करने का। मुझे लगता है शादी हर लड़की का ख्वाब होता है, मगर बस जरूरत होती है एक ऐसे इंसान की, जिसे देखकर लगे हां, यही है वो। मैं जीवनसाथी के रूप में एक ऐसा लड़का चाहती हूं, जो मेरे मामले में हार न माने। मैं जानती हूं कि कई बार मैं जरूरत से ज्यादा इमोशनल हो जाती हूं। हर किसी में नेगेटिव ट्रेट्स होते हैं, मगर मुझे लगता है कि एक ऐसा इंसान हो जो भयंकर झगड़े के बावजूद मुझे गले लगाए। मृणाल रिलेशनशिप की अहमियत को समझाते हुए कहती हैं, 'मेरे लिए तो रिलेशनशिप में सबसे अच्छी बड़ी बात ये है कि मैं जैसी हूं, मुझे उसी रूप में स्वीकार करें और तुम जैसे हो, मेरे लिए काफी हो। तुम्हारी खामियां मेरे लिए मायने नहीं रखती। मेरे लिए अहम है कि मैं तुम्हारे साथ खुश रहूंगी। रिलेशनशिप में एक-दूसरे का उत्थान करके अगर हम बेहतर इंसान बन पाएं, प्रोग्रेस और ग्रो करें।'

### सही समय पर शादी होना जरूरी है

मृणाल ठाकुर ने शादी के बारे में अपने विचार शेयर करते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है, चाहे वे मेरे पैरंट्स हों या किसी और के शादी के बारे में जो कहते हैं, गलत नहीं कहते। शादी समय पर होना जरूरी है। मैं पहले इस बात को नहीं समझती थी, मगर अब समझती हूं। जैसे हमारी हथेली की पांचों उंगलियां एक जैसी नहीं हो सकती, वैसे ही जिंदगी में सब कुछ एक समान नहीं हो सकता। पहले मैं सोचती थी कि करियर सेटल कर लूं तब शादी करूं, मगर अब ऐसा नहीं सोचती। हमारी इंडस्ट्री में कई हीरोइन ऐसी हैं, जिनकी शादी भी हो गई, करियर भी अच्छा चल रहा है और बच्चे भी हो गए हैं, क्योंकि आप अभी नहीं करेंगे, तो कब शादी करेंगे? मगर मैंने अपने माता-पिता को एक बात समझाई कि मुझे करने के लिए नहीं करनी शादी।'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in